वर्ष 24, अंक 233, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 3 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# लखपति बेटी योजना लॉन्च

## ग्रेजुएशन पर मिलेंगे सवा लाख रुपये- रेखा

**नई दल्ली**

केंद्र सरकार की ह्यवन नेशन, वन कार्डह्न से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरूआत की है. सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम ह्यसशक्त नारी समृद्ध दिल्लीह्न में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस महत्वाकांक्षी योजना (पिंक कार्ड) का शुभारंभ किया.







मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा. साथ ही मेट्रो, रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सशुल्क सुविधा देगा. मुख्यमंत्री के अनुसार यह पहल सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इससे महिलाओं के दैनिक यात्रा खर्च में कमी आएगी और उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य तथा सामाजिक अवसरों तक सुगम पहुंच मिलेगी.

**तीन तरह के कार्ड जारी होंगे**

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत तीन प्रकार के एनसीएमसी कार्ड जारी किए जाएंगे. पिंक कार्ड दिल्ली निवासी पात्र महिलाओं के लिए होगा, जबकि ब्लू कार्ड सामान्य यात्रियों के लिए और ऑरेंज कार्ड मासिक पास उपयोगकताओं के लिए जारी किया जाएगा. शुरूआती चरण में पिंक और ब्लू कार्ड लॉन्च किए जाएंगे, जिसके बाद ऑरेंज कार्ड लागू किया जाएगा.

उन्होंने बताया कि कार्ड जारी करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने हिंडन मर्केंटाइल लिमिटेड (मुफिनपे) और एयरटेल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को अधिकृत किया है. ये कार्ड दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में पहले से लागू ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीएस) से एकीकृत होंगे. पिंक कार्ड पात्र महिलाओं को पूर्णतः निःशुल्क दिया जाएगा और इसकी संपूर्ण लागत दिल्ली सरकार वहन करेगी.

**इन जगहों पर मिलेंगे पिंक कार्ड**

मुख्यमंत्री के अनुसार कार्ड जारी करने के लिए लगभग 50 केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और एसडीएम कार्यालयों के साथ-साथ डीटीसी के चयनित केंद्र शामिल होंगे. यह कार्ड न्यूनतम दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा ताकि प्रक्रिया सरल, तेज और पारदर्शी रहे. प्रत्येक पिंक कार्ड लाभार्थी के मोबाइल नंबर और आधार से लिंक किया जाएगा. आधार के माध्यम से प्रमाणीकरण कर आयु (5 वर्ष से अधिक), लिंग (महिला) और दिल्ली निवास (दिल्ली पिन कोड के आधार पर) की पुष्टि की जाएगी, जिससे पात्रता सुनिश्चित होगी और डुप्लिकेशन रोका जा सकेगा.

**टिकट की जगह लेगा पिंक कार्ड**

यह एक टच-फ्री और सुरक्षित स्मार्ट कार्ड होगा. इससे हर यात्रा का सही डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा. नकद लेन-देन कम होगा और आय का हिसाब-किताब अधिक साफ और पारदर्शी रहेगा. यात्रा के आंकड़ों की मदद से बस रूट तय करने, बसों की संख्या सही करने और बेहतर फैसले लेने में आसानी होगी. यही कार्ड पिंक पेपर टिकट की जगह लेगा, जिससे पूरी व्यवस्था ज्यादा आसान और आधुनिक बन जाएगी.

**पब्लिक ट्रांसपोर्ट की दिशा में मील का पत्थर**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पहल माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यडिजिटल इंडियाह्न और ह्यवन नेशन, वन कार्डह्न के विजन से प्रेरित है और दिल्ली में एकीकृत, आधुनिक एवं महिला-केंद्रित सार्वजनिक परिवहन प्रणाली स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. योजना के शुभारंभ अवसर पर चयनित पात्र महिला लाभार्थियों को औपचारिक रूप से पिंक एनसीएमसी कार्ड वितरित किए जाएंगे. यह पहल दिल्ली में आधुनिक, डिजिटल और समावेशी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी.

महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है. सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम ह्यसशक्त नारी समृद्ध दिल्लीह्न आयोजित किया जाएगा. समारोह में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ह्यदिल्ली लखपति बिटिया योजनाह्न का औपचारिक शुभारंभ करेंगी. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है. यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है.

**ऐसे बनेगी बिटिया लखपति**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी. इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में ह्यदिल्ली लखपति बिटिया योजनाह्न के रूप में पुनर्गठित किया गया है. उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपये और घरेलू जन्म होने पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे.

इसके अतिरिक्त कक्षा एक, छह और नौवीं में प्रवेश, कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने तथा कक्षा बारह में प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ावों पर 5,000 रुपये की राशि जमा की जाती थी. यह संचित राशि ब्याज सहित 18 वर्ष की आयु में निकाली जा सकती थी. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई योजना में सहायता की राशि और दृष्टिकोण दोनों को व्यापक रूप से बढ़ाया गया है. अब बालिका के नाम पर विभिन्न चरणों में कुल 56,000 रुपये जमा किए जाएंगे और ब्याज सहित 21 वर्ष की आयु तक यह परिपक्वता मूल्य 1 लाख रुपये से अधिक होने की उम्मीद है. इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा पूरा करना अपवाद नहीं बल्कि सामान्य उपलब्धि बने.

**डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था**

नई योजना पूरी तरह डिजिटल होगी. फंड का प्रबंधन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और निवेश एसबीआई लाइफ धनराशि साधन के अंतर्गत होगा. विभाग द्वारा जमा की गई राशि बालिका की उम्र के साथ बढ़ती रहेगी और परिपक्वता पर पूरी संचित राशि सीधे लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी. इससे पारदर्शिता और प्रत्यक्ष वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होगा.

**पात्रता और विस्तारित दायरा**

योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक न हो तथा जो पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में रह रहे हों।

# प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब और बहरीन पर ईरान के हमलों की निंदा की



**नई दल्ली**

**मध्य** पूर्व में जारी संघर्ष के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं से हुई बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब और बहरीन पर ईरान के हमलों की निंदा की और दोनों देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के कल्याण पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि बहरीन के राजा, महामहिम हमद बिन ईसा अल खलीफा से सार्थक फोन पर बातचीत हुई। भारत बहरीन पर हुए हमलों की निंदा करता है और इस कठिन घड़ी में वहां के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। बहरीन में भारतीय समुदाय को दिए गए उनके अटूट समर्थन के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि मैंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर चर्चा की। भारत सऊदी अरब पर हाल ही में हुए हमलों की निंदा करता है, जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी खाड़ी देशों के नेताओं के साथ नियमित रूप से संपर्क में हैं। रविवार को उन्होंने अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में सभी प्रकार की शत्रुता को जल्द समाप्त करने के लिए भारत की अपील को दोहराया।

नेतन्याहू के अलावा, उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी बात की, खाड़ी देशों पर ईरानी हमलों की निंदा की और क्षेत्र में तनाव कम करने का आह्वान किया। उन्होंने यूएई में भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए अल नाहयान को धन्यवाद भी दिया।

प्रधानमंत्री ने स्थिति की समीक्षा के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की अध्यक्षता भी की। सीसीएस की बैठक रविवार रात को हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोवाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोहों से रंगीन हुई राजधानी दिल्ली, बाजारों में दिखी जबरदस्त रौनक

**नई दिल्ली**

दिल्ली इन दिनों होली के रंगों में पूरी तरह डूबी नजर आ रही है. गलियों से लेकर बाजारों तक, कॉलोनियों से लेकर सांस्कृतिक मंचों तक हर जगह उल्लास, उमंग और उत्सव का माहौल है. होली से पहले ही शुरू हुए होली मिलन समारोहों ने शहर की फिजा को रंगीन बना दिया है. जहां लोग गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाइयां दे रहे हैं. चंदन का टीका, फूलों की होली, गीत-संगीत और स्वादिष्ट पकवानों के साथ दिल्ली में होली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और खुशी का उत्सव बन चुकी है।

## अबू धाबी: ईरानी हमले के बीच 9 मार्च तक बंद रहेगा



**अबू धाबी**

**मिडिल** ईस्ट में जंग की स्थिति को देखते हुए अबू धाबी स्थित बीएपीएस मंदिर सोमवार से 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद रहेगा. बीएपीएस हिंदू मंदिर ने बयान जारी कर कहा, 'मौजूदा स्थिति और राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए एहतियात के तौर पर अबू धाबी स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर सोमवार, 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद रहेगा. इस दौरान स्वामी सभी की शांति, सुरक्षा और कल्याण के लिए मंदिर में प्रार्थना करते रहेंगे.'

**खाड़ी देशों में वर सैन्य अड्डों को निशाना बना रहा ईरान**

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण अबू धाबी और दुबई हवाई अड्डों पर हमले हुए हैं. खामेनेई की मौत के बाद ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है. लगातार होते हमले से गल्फ देशों ने अपने एयर स्पेस को बंद कर दिया है. यूएई, सऊदी अरब सहित अरब दोशों ने ईरान की ओर से किए जा रहे हमले पर जवाबी कार्रवाई करने की बात कही है.

**यूएई पर मिसाइल दाग रहा ईरान**

संयुक्त अरब अमीरात की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ईरानी सैन्य हमलों में मामूली रूप से घायल हुए 58 लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल हैं. अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार (1 मार्च 2026) को कहा कि उसे भारतीय नागरिक के घायल होने की जानकारी है और वह अस्पताल अधिकारियों के संपर्क में है. यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ईरान द्वारा हमले की शुरूआत से लेकर अब तक उसकी सेना ने 165 बैलिस्टिक मिसाइलों, दो क्रूज मिसाइलों और 541 ड्रोन के हमलों को झेला है.

**पहल पीएम मोदी ने दो साल पहले किया था उद्घाटन**

अबू धाबी में स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर 27 एकड़ (11 हेक्टेयर) जमीन पर बना है. साल 2018 में पीएम मोदी की यूएई दौरे के दौरान इसके निर्माण की घोषणा की।

# सोने के लालच में दोस्त बना कातिल, दिल्ली पुलिस ने खोला सनसनीखेज राज



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस द्वारका में एक गुमशुदगी का मामला उस वक्त सनसनीखेज हत्याकांड में बदल गया, जब द्वारका पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने सूझबूझ और तकनीकी जांच के जरिए ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा कर दिया. पुलिस ने मृतक के दोस्त समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक 23 फरवरी 2026 को द्वारका नॉर्थ थाने में 48 वर्षीय अनरूप गुप्ता की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी. अनुरूप सेक्टर-13 स्थित छत्तीसगढ़ सदन में कैंटीन चलाते थे और 18 फरवरी से लापता थे. उनकी किआ सेल्टोस कार भी गायब थी. परिवार ने किसी दुश्मनी से इनकार किया था, जिससे मामला और रहस्यमय हो गया. जांच के दौरान टोल प्लाजा और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. पुलिस को पता चला कि अनरूप आखिरी बार मटियाला एक्सटेंशन स्थित एक मकान में दाखिल हुए थे, लेकिन वहां से बाहर नहीं निकले. दिल्ली पुलिस टेक्निकल सर्विलांस और सीडीआर विश्लेषण के जरिए आरोपी हैप्पी उर्फ सूरज तक पहुंची. पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसने अपने साथियों भूपेंद्र, बलराम, नीरज और अपनी लिव-इन पार्टनर राखी के साथ मिलकर अनरूप को लूटने और फिरौती वसूलने की साजिश रची थी. 18 फरवरी को पार्टी के बहाने अनरूप को घर बुलाया गया. आरोपियों ने पहले उन्हें बांधा, सोने के गहने छीने और पैसे मांगे. इनकार करने पर डंडों से पीटा और चाकू मारकर हत्या कर दी. बाद में शव के टुकड़े कर तीन प्लास्टिक बैग में भरकर यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते वृंदावन के पास यमुना नदी में फेंक दिया गया।

# उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी का बिजेपी में होगा विलय

## राज्यसभा की सीट फंसी?



**बिहार**

**राज्यसभा** चुनाव से पहले फ्छट प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा दिल्ली पहुंचे. उनको दिल्ली बुलाया गया था. बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात हो सकती है. राज्यसभा उम्मीदवारी पर चर्चा हो सकती है. सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बीजेपी में विलय पर भी चर्चा संभव है. हालांकि मर्जर की बात को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा और बीजेपी की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. फिलहाल सबकी नजर इस संभावित मुलाकात और उसके बाद आने वाले आधिकारिक बयान पर टिकी हुई है. दरअसल बिहार में राज्यसभा की पांच सीटें खाली हो रही हैं जिसमें उपेंद्र कुशवाहा की भी 1 सीट है.

**उपेंद्र कुशवाहा से हुआ था वादा!**

बिहार विधानसभा चुनाव में कुशवाहा की पार्टी चार सीटें जीती. उसी समय इस बात पर भी चर्चा हुई थी कि उनको राज्यसभा और विधान परिषद की भी एक सीट भी दी जाएगी. हालांकि इसका कोई औपचारिक ऐलान तब नहीं किया गया था.

**कुशावाहा के बेटे दीपक बिहार में हैं मंत्री**

कुशवाहा ने अपने बेटे दीपक प्रकाश को बिहार सरकार में मंत्री बनाया है जो किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं. अब तक उनको विधान परिषद में नहीं भेजा गया ह।

# जंतर-मंतर से केजरीवाल ने भरी हुंकार

## 140 करोड़ लोग मिलकर उखाड़ फेंकेंगे तानाशाह सरकार- अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल रैली कर देश को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे. ये लोग सत्ता की राजनीति करें और हम जनता के लिए काम करेंगे. आज से यह बदलाव की गिनती शुरू हो गई है.

केजरीवाल ने कहा कि मोदी कहते रहे कि दिल्लीवालों का ह्यबेटाह्न भ्रष्ट और है, लेकिन कोर्ट ने साफ कर दिया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार था, है और रहेगा. कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर लोगों ने बड़ी उम्मीदों से मोदी को पूर्ण बहुमत दिया. आज देश का हर सेक्टर बर्बाद है. इस दौरान दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा समेत विभिन्न प्रांतों से आए आप नेताओं, कार्यकताओं और हजारों आम लोगों ने ह्यपढ़ा-लिखा दमदार है, मेरा केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैह्न के जमकर नारे लगाए.

**नरेंद्र मोदी-अमित शाह ने रचा षड़यंत्र- आप**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार साल से पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने षड़यंत्र रच कर दिल्ली के लोगों को बहुत परेशान और दुखी किया. उन्होंने कहा कि केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, केजरीवाल ने शराब घोटाला किया है, केजरीवाल 100 करोड़ खा गया. दिन भर मीडिया में डिबेट चलता था. दिल्ली के लोगों को बहुत दुखी किया. जज साहब ने फैसला सुनाया है कि




मोदी झूठ बोल रहे हैं, केजरीवाल कट्टर ईमानदार है. पूरा केस फर्जी है, कोई सबूत नहीं है. उन्होंने कहा कि सदियों के बाद ऐसा फैसला आया है. मोदी और अमित शाह ने आम आदमी पार्टी को ठिकाने लगाने के लिए पूरे केस को व्यक्तिगत मॉनिटर कर रहे थे कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह छूटना नहीं चाहिए. कोर्ट का यह फैसला मोदी, अमित शाह और भाजपा के गाल पर जोरदार तमाचा है.

**मैं भारत मां से बहुत प्यार करता हूं- अअढ**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं. जब मैं आईआईटी में पढ़ता था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आए. मैं चाहता तो नौकरी करने अमेरिका जा सकता था. मेरे बहुत सारे दोस्त विदेश गए हैं. लेकिन उस समय मेरे मन में ख्याल आया कि देश का बहुत बुरा हाल है. अगर बड़े-बड़े संस्थाओं से पढ़ कर सारे लोग विदेश चले जाएंगे तो अपने देश को कौन संभालेगा, कौन ठीक करेगा. मैं अमेरिका नहीं गया. मैं अपने देश में रहा और इनकम टैक्स विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर की नौकरी करने लगा।

## सावित्री देवी पीजी कॉलेज में होली मिलन समारोह में कवियों ने बांधी समां

अखंड भारत संदेश



**करछना।** क्षेत्र के सावित्री देवी पीजी कॉलेज सोनाई में रंगोत्सव महोत्सव के तहत सोमवार को होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ प्रबंधक ज्ञान सिंह पटेल सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर-के किया गया। संयोजन और संचालन महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर श्रीवास्तव ने किया। होली मिलन समारोह में जहां खूब अबीर -गुलाल उड़े । वही कवि सम्मेलन में कवियों ने अपने गीतों से लोगों को खूब गुदगुदाया । कवयित्री नीलम त्रिपाठी ने वाणी वन्दना के उपरान्त फागुनी गीतों पर खूब तालियां बटोरी। गीतकार जितेंद्र जलज ने कहा- चंदन है पानी है और क्या,दुनिया कहानी है और क्या। उनकी बसंती चन्द भी खूब सराहे गये। सामाजिक सरोकार के बेमिसाल कवि संतोष शुक्ला समर्थ ने अपनी रचनाओं में सामाजिक संस्कारों के प्रति श्रोताओं को सजग करते हुए प्रस्तुत काव्य पाठ पर खूब वाहवाही लूटी।हास्य व व्यंग्य के धुरंधर कवि अशोक सिंह बेशरम ने कैंचियों से भरी जिसके जिगर की झोली है, वो क्या जाने कि,ईद क्या है, और क्या होली है । हम तो सीने लगा करके जख्म सीते हैं । बेशरम ने तो सुई की दुकान खोली है। श्रोताओं की मांग पर कई हास्य छड़िका, कविताएं प्रस्तुत करते हुए उन्होंने श्रोताओं को जी भर गुदगुदाया।कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समीर श्रीवास्तव ने भी अपने काव्य पाठ के दौरान समरसता और आपसी सद्भाव से प्रेरित किया। सभी कवियों का प्रबन्ध द्वारा मंच पर प्रतीक चिन्ह और शाल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरजा शंकर पटेल ने किया। इस मौके पर पीडी. महाविद्यालय के प्रबंधक नवीन कुमार शुक्ल, सुभाष चंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, कबूतर पटेल , प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य देव प्रकाश यादव, आसमानंद सिंह ,रवि सिंह ,चंद्रशेखर सिंह, महेंद्र कुशवाहा, सुशील सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**मांडा।** थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में एक पुरुष और दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मांडा खास निवासी मीरा देवी पत्नी धर्मेंद्र सोनकर ने पुलिस को बताया कि उनके पति नौकरी करते हैं और वह अपने सास-ससुर के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाले सुरेश उर्फ बंटी के बच्चों और उनके बच्चों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। इसी पुराने विवाद के चलते रवि, सुरेश उर्फ बंटी और राजेश, जो सभी मांडा खास के निवासी हैं, मीरा देवी के घर में घुस आए। वे गाली-गलौज कर रहे थे। जब घर के सदस्यों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने मनीषा, ननकाई और पप्पू के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि मीरा देवी की तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फगुआ गीत के साथ संपन्न हुआ होली मिलन समारोह



अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** होली पर्व के अवसर पर क्षेत्र के कालू सिंह का पूरा गिधौरा गांव में सोमवार को हर-हर महादेव समिति की ओर से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक फगुआ गीतों से हुई, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से सराबोर हो उठा। ग्रामीणों के साथ शहरी क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने उपस्थित लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करने का माध्यम है। समारोह में रंग-गुलाल के साथ ठंडई का वितरण भी किया गया, जिसका सभी ने आनंद लिया।

कार्यक्रम के दौरान बेनी सिंह, राकेश सिंह, संतोष शुक्ला ह्यसमर्थह्न, लल्ला सिंह, विपिन मिश्रा, माताबदल सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे आयोजन में पारंपरिक लोकगीतों और आपसी मेल-मिलाप की छटा देखने को मिली। शांतिपूर्ण व उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ यह समारोह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

## जयंतीपुर सड़क हादसे के बाद शोक में डूबा क्षेत्र विधायक दीपक पटेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस



**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के जयंतीपुर में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो जिंदगियों के असमय काल कवलित हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में भाजपा नेता विनय तिवारी के साले रजत त्रिपाठी पुत्र स्व. रामाशंकर त्रिपाठी निवासी दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर, सहसों तथा उनकी भतीजी राशि त्रिपाठी पुत्री शशिकांत त्रिपाठी निवासी वजीरपुर, थाना थरवई की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी।

सोमवार को प्रयागराज स्थित पोस्टमार्टम हाउस में शोकाकुल परिजनों से मिलने के लिए विधायक फूलपुर दीपक पटेल पहुंचे। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि आत्माओं को शांति के लिए ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें, तथा पीड़ित परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। दीपक पटेल ने परिजनों को हर संभव सहायता का भरोसा भी दिलाया और प्रशासन से भी आवश्यक सहयोग सुनिश्चित कराने की बात कही। इस अवसर पर अरुण मिश्रा पिंटू नेता, विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, प्रधान आदित्य सिंह, कपिल सिंह, भूपेंद्र पांडेय सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## भोपतपुर टोल बूथ के पास युवक पर जानलेवा हमला, लैपटॉप व नगदी लूटकर बदमाश फरार

**सहसों।** थाना उतरांव क्षेत्र के खोदायपुर गांव निवासी अरविंद सिंह का पुत्र अमित सिंह मुंबई में रहकर पढ़ाई करता है। होली का पर्व मनाने के लिए वह मुंबई से प्रयागराज आया था। प्रयागराज से वह बाइक द्वारा अपने गांव खोदायपुर जा रहा था। बताया जाता है कि भोपतपुर स्थित नेशनल हाईवे पर टोल बूथ के रास्ते हाईवे पर चढ़ते समय, रिंग रोड पार करते ही चार पहिया वाहन पर सवार अज्ञात बदमाशों ने चलती गाड़ी से ही उस पर हमला कर दिया। बदमाशों ने वजनदार डंडे से उसके सिर पर प्रहार किया, जिससे अमित असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा। गिरते ही बदमाश वाहन से उतर आए और लाठी-डंडों व अन्य रॉड से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में गंभीर रूप से घायल अमित अचेत हो गया। इसके बाद बदमाश उसके पास से ट्रॉली बैग, जिसमें लैपटॉप, लगभग पांच हजार रुपये नगद और अन्य कीमती सामान था, लेकर हंडिया की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया। वर्तमान में अमित सिंह का इलाज प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित के पिता अरविंद सिंह ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज को लिखित तहरीर देकर भोपतपुर टोल बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरों व अन्य तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## होली में सेहत का रंग फीका न पड़े : खानपान और सही दिनचर्या पर डा. प्रभाकर सिंह की खास सलाह

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** रंगों और उमंग के पर्व होली में जहां मिठाइयों और पकवानों की भरमार रहती है, वहीं थोड़ी सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रभाकर सिंह (प्रज्ञा नर्सिंग होम) ने होली के दौरान संतुलित खानपान और अनुशासित दिनचर्या अपनाने की अपील की है। डॉ. प्रभाकर सिंह का कहना है कि त्योहार का असली आनंद तभी मिलता है, जब शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान रहे। उन्होंने बताया कि होली पर लोग अक्सर तली-भुनी चीजों और मिष्ठान का अधिक सेवन कर लेते हैं, जिससे पेट खराब, गैस, एसिडिटी और शुगर लेवल बढ़ने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि गुझिया, नमकीन और अन्य व्यंजनों का सेवन सीमित मात्रा में ही किया जाए।उन्होंने विशेष रूप से सलाह दी कि दिन की शुरूआत हल्के और पौष्टिक नाश्ते से करें। नाश्ते में फल, दही, दलिया, पोहा या हल्का आहार लेने से शरीर को आवश्यक पोषण मिलता है और दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पूरे दिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।डॉ. सिंह ने कहा कि रंग खेलने के बाद त्वचा और बालों की सफाई बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि बाजार में मिलने वाले रासायनिक रंग त्वचा पर एलर्जी, खुजली या संक्रमण का कारण बन सकते हैं। ऐसे में रंग खेलने के तुरंत बाद साफ पानी और माइल्ड साबुन से स्नान करना चाहिए और त्वचा पर मॉइस्चराइजर या नारियल तेल लगाना चाहिए।

उन्होंने खासतौर पर मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग से ग्रसित मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी। इसके अलावा बुजुर्गों और बच्चों को भी संयम बरतने की सलाह दी।अंत में उन्होंने लोगों से अपील की कि होली को सिर्फ रंगों और पकवानों का ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता का भी पर्व बनाएं। संतुलित खानपान, स्वच्छता और अनुशासित दिनचर्या अपनाकर ही त्योहार का असली आनंद लिया जा सकता है।

## होली पर्व...गली मुहल्ले में खुली अंगूर की बेटियां के आशियाने दीवाने मचा रहे खुराफात

### चोरी छिपे असली नकली शराबों का प्रचलन बढ़ा,दुकानों के पड़ोसी और घर वाले दुखी, हो रही प्रतिदिन दुर्घटनाओं में वृद्धि

शहजादे

**कोरांव।** खैर अब तो होली का पर्व आ गया,लेकिन उसके पहले भी चोरी छिपे शराब के प्रचलन ने सूबे में कई जगह नकली शराबों से जाने जां चुकी हैं,कई दुकानें नष्ट हुई कई कारखाने पकड़े गए अवैध शराब पकड़ी और जब्त हुई किंतु अब तो घर मुहल्ले सरकारी मधुशालाओं की भरमार हो गई जिससे नशेड़ियों की संख्या युवा कमसिन और युवतियां महिलाएं वृद्ध सभी अंगूर की बेटीयों के दीवाने खाश होते देखे जा रहे हैं जिससे प्रतिदिन शरारत दुर्घटनाओं वारदातों में इजाफा हो रहा है। कई अस्पतालों में मौत और जिंदगी के मध्य जूझ रहे हैं।

कोरांव खीरी मांडा मेजा चाहे जिस तरफ देखिए शराबियों की लंबी जमात बन गई है जो कुछ अप्रिय घटनाओं को अंजाम देते आ रहे हैं। पुलिस प्रशासन से ले कर नशेड़ियों के परिजन रिश्तेदार भी परेशान हैं। तबाह हो रहे हैं। कई महिलाएं ससुराल नहीं जा रहीं तो कोई आत्महत्या कर लें रहीं तो कोई खुद शराबी बन रहीं और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त दिख रहीं। गली गली मुहल्ले मुहल्ले क्लिनिक और स्कूल तो नहीं लेकिन अंग्रेजी देशी शराब की दुकानों की मान्यताएं सरकार ने जरूर दे दी हैं। चाहे अस्पताल हों या विद्यालय या मंदिर हो या मस्जिद मदरसे उसके आमने सामने मधुशालाएं खुल गई हैं जिससे युवा बालकों छात्रों की जमात अब अपनी पीढ़ी जरूर खराब बना रही हैं। दरअसल शराब की लत ने कई के रिश्ते टूटने लगे कई आए दिन शराब की लत से मार्ग दुर्घटनाएं हो रही युवा अस्पतालों में में दम तोड़ रहे या हाथ पैर गंवा बैठ रहे। पुलिस लाशों को पोस्टमार्टम कराने या अस्पताल भेजवाने में परेशान है। हर घर की कहानी है शराब में मस्त श्रमिक मजदूरी नहीं करने जा रहा और उनकी औरतें बहन बेटियां मजदूरी करके घर का खर्च चला रहीं। रातदिन लोग गली गलौज बक रहे छेड़खानी,बलात्कार,अय्याशी बढ़ रही हत्याएं तक हो रहीं। जिससे आज समाज का ताना बाना सिस्टम सामाजिकता अनियंत्रित हो चुका है। आबकारी विभाग के कारण आज हर जगह शराबों का जखीरा हर गांव हर घर देखने को मिल रहा है। गैर प्रांतों गैर जनपदों से भी अंगूर की बेटियां लासी और फरोख्त की जा रही हैं। यदि इस पर एक्शन न लिया गया तो भविष्य में अप्रिय घटनाएं बढ़ेंगी ।

**मिलावट खोरी का भी बड़ा साम्राज्य**

होली हो या कोई पर्व शराब के साथ साथ मिलावटी खाद्य पदार्थों का भी सेवन बढ़ता जा रहा है। दुग्ध, खोवा घी पनीर में कैमिकल की मिलावट से निर्मित मिठाइयां खाद्य पदार्थ से लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ जारी है। खाद्य अधिकारी सुविधा शुल्क के चक्कर में कभी न दुग्ध का औचक चेकिंग किए न दुकानों पर और ढेरियों पर बिक रही सामग्रियों की आपूर्ति आयात निर्यात की जांचें की।

नुकसान, चर्चा है कि दुग्ध खोवा पनीर में मिलाए जाने वाला केमिकल बढ़ा खतरनाक होता है। इससे अन्त लीवर आंख हार्ट खराब हो रहे हैं। शुगर में वृद्धि हो रही ।

## ग्यारह लीटर कच्ची शराब के साथ एक धराया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना के सब इंस्पेक्टर आयुष सिंह,कुंवर गौरव सिंह, विवेक कुमार हमराही पुलिस कर्मियों के साथ सोमवार को ग्राम विशम्भरपुर में कच्ची महुआ की शराब निर्माण की सूचना पर छापामारी की जिससे शराब निमार्ता अपने अपने घरों में ताला बंद कर फरार हो गए। पुलिस ने छापा मारी के दौरान जंगी लाल द्वारा बनी शराब की भट्ठी को नष्ट कर मौके से ग्यारह लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली गई।तथा जंगी लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई है।

## सभी धर्मों के लोगों ने होली पर भाईचारे प्रेम का संदेश दिया



### क्षेत्र में सभी लोग होली मिलजुल कर मनाएं : धीरेंद्र यादव

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चक भटाई यादव मार्केट में धीरेंद्र यादव धीरू मंत्री व्यापार मंडल, अध्यक्ष मानस रामलीला समिति, उपाध्यक्ष 263 शहर दक्षिणी विधानसभा के द्वारा

भारत के रहने वाले भारत मां के बेटे हिंदू मुस्लिम सिख इसाई इन चारों धर्म के नागरिक को एक साथ एक जगह पर बैठक इनका सम्मान किया गया इनके साथ होली की शुभकामनाएं दी गई कार्यक्रम के उपरांत मलिन बस्ती में छोटे बच्चों के लिए धीरेंद्र यादव धीरू के द्वारा पिचकारी रंग गुलाल मिठाई गुजिया बांटे गए कार्यक्रम में उपस्थित शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, व्यापारी नेता सुभाष केसरवानी, आयुष मिश्रा, शहर दक्षिणी उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, शहर दक्षिणी विधानसभा के अध्यक्ष पीर मोहम्मद अजहर, अहमद रजा, सेक्टर प्रभारी महेश यादव, कमल कुरैशी, अजय यादव, विशेष कुशवाहा, जोनल प्रभारी अंकित यादव चंचल, हरजीत मरवा, सुभाष केसरवानी, विनोद जैकब, शकील अहमद, राजेश थापा, राजेश सागर, दीपक, सुरेंद्र आदि लोग शामिल रहे।

## पश्चिम एशिया में तनाव : प्रयागराज प्रशासन ने जारी की अपील, विदेश में रह रहे लोगों का विवरण मांगा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रहे युद्ध और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनपद प्रयागराज के नागरिकों के संबंध में महत्वपूर्ण अपील जारी की है। प्रशासन ने ऐसे सभी लोगों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है, जो वर्तमान में पश्चिम एशियाई देशों में निवासरत हैं, वहां कार्य कर रहे हैं, यात्रा पर गए हुए हैं, किसी कारणवश फंसे हुए हैं या हाल ही में वहां से भारत लौटे हैं।

जिला प्रशासन के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उनसे त्वरित संपर्क स्थापित करना तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराना है।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके परिवार, रिश्तेदारी या परिचय का कोई व्यक्ति संबंधित देशों में मौजूद है तो उसका विवरण निर्धारित प्रारूप में शीघ्र उपलब्ध कराएं। मांगी गई जानकारी में व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर, जनपद में उसका निवास स्थान, वर्तमान में वह किस देश में है तथा विदेश जाने का उद्देश्य शामिल है।

यह सूचना संबंधित तहसील या उपजिलाधिकारी कार्यालय में अथवा प्रशासन द्वारा निर्धारित माध्यम से उपलब्ध कराई जा सकती है। प्रशासन ने इसे जनहित में जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से लागू किया है। सूचना उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित नंबर जारी किए गए हैं– लैंडलाइनः 0532-2641577, सहायता नंबरः 0532-2641578, मोबाइल नंबरः 9454417588, 7524921390, टोल फ्री नंबरः 1077, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रयागराज ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिना विलंब आवश्यक जानकारी साझा कर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में समय रहते सहायता पहुंचाई जा सके।

## प्रधान कार्यालय में कॉउंसिल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी अरैल में पत्रकार विकास कॉउंसिल की ओर से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन प्रधान कार्यालय नैनी अरैल शिवनगर चौराहे पर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सोमेश्वर मंडल अध्यक्ष हरि कृष्ण पांडेय एवं अति विशिष्ट अतिथि अरैल के लोकप्रिय पार्षद सरिता देवी प्रदीप महरा शास्त्री रहे विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधानाचार्य श्याम नारायण पाठक, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, पूर्व प्रधान मुरली निषाद, संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ बीजेपी नेता, शैलेन्द्र शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला बिंग प्रदेश अध्यक्ष बबीता शर्मा ने किया कॉउंसिल के महासचिव डी. के मिश्र एवं कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह, बुंदेलखंड प्रदेश प्रभारी अरुणेश त्रिपाठी ने अतिथियों को अंगवस्त्र माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया। समारोह का संचालन मंडल प्रभारी आशीष मिश्र ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि पांडेय ने पत्रकार साथियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि वे तन, मन और धन से सदैव पत्रकार साथियों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी उनकी आवश्यकता होगी, वे पूरी तत्परता से सहयोग प्रदान करेंगे। अरैल पार्षद ने पत्रकार साथियों एवं कॉउंसिल की पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह मंच प्रशासन, अधिवक्ताओं और पत्रकारों के बीच समन्वय स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। तीनों वर्ग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों में सामंजस्य बनाए रखने में आसानी होती है। तत्पश्चात कार्यक्रम में मौजूद महर्षि आश्रम के विद्वान आचार्य श्याम बिहारी पांडेय एवं लवकुश के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ सभी अतिथि एवं पदाधिकारी ने गुलाल से होली खेली और एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द, सहयोग एवं भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर महिला बिंग प्रदेश सचिव नीलम मिश्र, मंडल संरक्षक नील कमल तिवारी, प्रदेश पूर्वांचल सचिव डॉ अरविंद कुमार, अमित गुप्ता, त्रिभुवन यादव, साहब लाल, पूर्व सैनिक धर्मेंद्र कुमार दुबे, छद्दू लाल यादव, बृजेश यादव, गोपी मिश्र, देवनाथ यादव, चरण यादव, श्रेयांश रावत, कृष्णा पांडेय, अर्जुन, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**अवकाश की सूचना**

होली के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, पत्र वितरकों सहित शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर अखंड भारत संदेश कार्यालय व प्रेस में दिनांक 03 व 04 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा अतः पत्र का अगला अंक 06 मार्च को मिलेगा।

**प्रबंधक**

# स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में सफाई कर्मियों की हड़ताल तीन माह का वेतन न मिलने से ठप रही व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** होली से पहले वेतन न मिलने से आक्रोशित स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) चिकित्सालय के आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को कामकाज ठप कर दिया। करीब तीन माह का बकाया भुगतान न होने से नाराज कर्मचारियों ने ह्यवेतन नहीं तो काम नहींह्ल के नारे लगाते हुए अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। हड़ताल के चलते ट्रॉमा सेंटर, ऑपरेशन थिएटर और विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित रही, जिससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ी।

सुबह की पाली में लगभग 250 कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे, लेकिन काम नहीं किया। इसके बाद दोपहर की शिफ्ट का भी बहिष्कार कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हुआ। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने कर्मचारियों को समझाकर स्थिति शांत कराई।

कर्मचारियों का कहना है कि करीब 750 सफाई कर्मियों को दो से तीन माह से वेतन नहीं मिला है। त्योहार नजदीक होने के बावजूद परिवार की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। इससे पहले 26 फरवरी को भी भुगतान को लेकर हड़ताल की गई थी। तब प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीलम सिंह ने दो दिन में वेतन जारी कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन भुगतान न होने से कर्मियों में फिर रोष बढ़ गया।

### वेतन और पीएफ में कटौती का आरोप

सफाई कर्मचारियों ने संबंधित एजेंसियों पर वेतन में कटौती और भविष्य निधि (पीएफ) की राशि कम जमा करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों के अनुसार, पहले ए-वन एजेंसी ने 9700 रुपये मासिक वेतन और 2300 रुपये पीएफ देने का आश्वासन दिया था। बाद में कार्यभार संभालने वाली राजधानी कंपनी द्वारा पीएफ की राशि घटाकर 1000 रुपये कर दी गई। कर्मचारियों ने बकाया भुगतान जल्द खाते में डालने की मांग की है। प्रयागराज मंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह आउटसोर्स कर्मियों पर निर्भर है। ऐसे में हड़ताल से स्वच्छता व्यवस्था चरमरा गई। प्रशासन ने एक बार फिर शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया है, हालांकि कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि खाते में वेतन आने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## मांडा में बोर्ड परीक्षा देने गए छात्र की बाइक चोरी

**मांडा।** थाना क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा देने गए एक छात्र की बाइक चोरी हो गई। यह घटना मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर के पास हुई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खास मांडा निवासी नितेश कुमार पुत्र सत्य नारायण ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा देने मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज गया था। उसने अपनी बाइक कॉलेज के गेट पर खड़ी की थी। शाम लगभग सवा पांच बजे जब छात्र परीक्षा देकर बाहर आया, तो उसकी बाइक गायब थी। उसने तुरंत ड्यूटी पर तैनात सिपाहियों को इसकी सूचना दी। सिपाहियों ने छात्र को थाने जाकर मुकदमा दर्ज कराने की सलाह दी। इसके बाद, पीड़ित की तहरीर के आधार पर मांडा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं और अपराधियों की तलाश की जा रही है।

## हाइकोर्ट ने यूपी सरकार के अधिकारियों को लगाई फटकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा अदालत के आदेश के अनुपालन में हलफनामा दाखिल न करने पर कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने इसे न्यायालय के आदेशों के प्रति ह्लपूर्ण अवमाननाह्व करार देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि आदेशों की अवहेलना पर अफसरों को दंडात्मक कार्यवाही यहां तक कि अवमानना का सामना करना पड़ेगा।जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा गया कि क्या माता-पिता एवं सीनियर सिटीजन भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत सीनियर सिटीजन के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए कोई समग्र कार्ययोजना तैयार की गई।

**80 साल की गुलाबकली का मामला**

यह आदेश एक 80 वर्षीय महिला गुलाब कली की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। याचिकाकर्ता अस्वस्थ हैं और अपनी दो पोतियों के साथ रहती हैं, जिनमें से एक शारीरिक रूप से दिव्यांग है। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ लोग उनकी पैतृक आबादी भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। अदालत ने प्रमुख सचिव से यह भी पूछा था कि अधिनियम, 2007 के तहत जिला मजिस्ट्रेट कमजोर सीनियर सिटीजन की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा सकते हैं।

## ट्रैक्टर-टवेरा की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत, सात घायल

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के सेहुड़ा नहर के पास सोमवार को ट्रैक्टर और टवेरा कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टवेरा कार तेज रफ्तार में प्रयागराज की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे क्षतिग्रस्त अवस्था में जा पहुंचे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। सूचना पर पहुंची बारा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने वाहनों को हटवाकर बहाल कराया।पुलिस के मुताबिक, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है।

## नैनी को लूलू माल की नहीं बल्कि उद्योगों की है जरूरत : योगेश शुक्ल

### लूलू माल के प्रस्ताव पर कोई निर्णय लेने के पूर्व स्थानीय व्यापारियों और लोक संस्कृत को ध्यान रखे सरकार



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने उत्तर प्रदेश सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को पत्र लिखकर प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में लूलू मॉल के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करने का अनुरोध किया है । भाजपा नेता श्री शुक्ल ने कहा कि लूलू माल के आने से हजारों व्यापारियों की दुकानों के बंद होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे स्थानीय बाजार सामाजिक समरसता और संस्कृति के केंद्र हैं। ऐसे मालों के आने से नैनी के अंदर उपभोक्ता वाद और सामाजिक असमानता बढ़ेगी। उन्होंने नैनी क्षेत्र के लिए लूलू के इस प्रस्ताव पर सरकार कोई निर्णय लेने से पहले स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों के हितों और लोक संस्कृति को ध्यान में रखे। श्री शुक्ल ने कहा कि नैनी क्षेत्र छोटे एवं मझोले व्यापारियों का बाजार है तथा मध्यवर्ग का रिहायशी इलाका है। आत्म निर्भर भारत के लिए जिस स्वदेशी अवधारणा पर आधारित आर्थिक व्यवस्था की आवश्यकता है उसके लिए अर्थ का विकेंद्रीकरण अनिवार्य शर्त है। एकात्ममानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का देश की अर्थ नीति के बारे में यही विचार था ।

श्री शुक्ल ने कहा कि बढ़ते ऑन लाइन मार्केटिंग के कारण खुदरा व्यापारी पहले से ही दबाव महसूस कर रहे हैं ऐसे में बड़े माल के करण उनकी व्यापारिक मुश्किलें और बढ़ सकती है। भाजपा ने आशंका व्यक्त किया है कि इतने बड़े माल के आने से नैनी से लेकर चौक,कटरा सिविला लाइंस तक के व्यापारियों पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।श्री शुक्ल ने कहा कि माल संस्कृति का समाज पर कई गहरे नकारात्मक प्रभाव भी पड़ रहे हैं। यदि इन प्रभावों को समझा न गया, तो भविष्य में सामाजिक असमानता बढ़ सकता है। योगेश शुक्ल ने बताया कि सदियों से भारतीय समाज की आर्थिक व्यवस्था स्थानीय बाजारों पर आधारित रही है मोहल्ले की किराना दुकान, कपड़े की छोटी दुकान, सब्जी विक्रेता पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ेगा।

## होली रंग, मस्ती और भाईचारे का उमंग भरा त्योहार : अनूप मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवंतता, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। फाल्गुन की मस्ती के बीच जब अबीर-गुलाल उड़ता है, तो यह पर्व मन के मैल को भी धोने का संदेश देता है। बुराई पर अच्छाई की जीत और रिश्तों में नई ऊष्मा का संचार ही होली का मूल भाव है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन आस्था की विजय और अहंकार के अंत का प्रतीक है। यह पर्व याद दिलाता है कि अन्याय और अत्याचार चाहे जितने प्रभावी क्यों न दिखाई दें, अंततः सत्य की ही जीत होती है। वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है, जब समाज में कटुता, डिजिटल माध्यमों पर बढ़ती वैमनस्यता और आपसी दूरियां चिंता का कारण बन रही हैं। हालांकि समय के साथ होली के स्वरूप में भी बदलाव आया है। रासायनिक रंगों का उपयोग, पानी की अत्यधिक बबार्दी, जबरन रंग लगाने की प्रवृत्ति और नशे का बढ़ता चलन त्योहार की गरिमा को प्रभावित कर रहे हैं। कई स्थानों पर हुड़दंग और सड़क दुर्घटनाएं भी सामने आती हैं, जो उत्सव की खुशी पर सवाल खड़े करती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि आनंद के साथ-साथ जिम्मेदारी को भी प्राथमिकता दी जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्राकृतिक और हर्बल रंगों का प्रयोग बेहतर विकल्प है। पानी की बचत कर हम आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाया जाए। उत्सव की सार्थकता तभी है जब उसमें सभी की सहमति और सहभागिता हो। होली सामाजिक समरसता का भी अवसर है। यह पर्व जाति, वर्ग, भाषा और मतभेदों की दीवारें तोड़ने का संदेश देता है। मोहल्लों और गांवों में सामूहिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक लोकगीत इस त्योहार की रौनक बढ़ाते हैं। जरूरत इस भावना को वर्ष भर बनाए रखने की है।

## हत्या के चार महीने बाद पेट्रोल पंप तोड़फोड़ का मामला, एक नामजद व 50 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ FIR

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुंडेरा चुंगी स्थित पेट्रोल पंप पर हुई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने चार महीने बाद FIR दर्ज की है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश के बाद की गई है। त्रफ्क्र में एक नामजद और 50 अज्ञात आरोपियों का नाम शामिल किया गया है। घटना पिछले साल 21 अक्टूबर की है।

बता दें कि 21 अक्टूबर को रोडवेज के संविदा चालक रावेंद्र पासी पेट्रोल भरवाने पेट्रोल पंप पहुंचे थे, तभी उनकी भीड़ द्वारा ईंट मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने पंप पर धावा बोल दिया और जमकर तोड़फोड़ की। हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन पंप में हुई तोड़फोड़ पर कार्रवाई नहीं हुई थी।

**कर्मचारी पर भी हमला**

पेट्रोल पंप के मालिक देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुंडेरा बाजार के रहने वाले सूरज केसरवानी समेत करीब 50 लोगों ने पंप में घुसकर तोड़फोड़ की और कर्मचारी अर्जुन यादव को भी पीटा। बाकी कर्मचारी किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग सके।

**शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई**

पंप मालिक का कहना है कि उन्होंने घटना वाले दिन ही धूमनगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी और CCTV फुटेज पुलिस को सौंपा था। इसके अलावा मुख्यमंत्री और DGP को भी पत्र लिखा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आखिरकार, मालिक ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश के बाद धूमनगंज पुलिस ने त्रफ्क्र दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फागुन की खुशबू, परंपरा का स्वाद और आत्मीयता का रंग

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** हरे राम सेवा संस्थान व लाइफ विजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में का ह्यचोखा-बाटी एवं होली मिलन समारोहह्ल सफलता पूर्वक बलरामपुर हाउसिंग कालोनी, प्रयागराज में सम्पन्न हुई।जब फागुन की हवा में अबीर-गुलाल की महक में घुलने लगती है, तब रिश्तों की दूरियाँ रंगों में पिघलने लगती हैं। जब चौपाल की यादें मन में दस्तक देती हैं, तब होली केवल एक पर्व न रहकर मिलन, अपनत्व और सामाजिक समरसता का उत्सव बन जाती है। जहां उच्च नीच, अमीरी गरीब, छोटे बड़े सभी का भेद मिट जाता है। इसी भावना को जीवंत करने के उद्देश्य से हरे राम सेवा संस्थान व लाइफ विजन फाउंडेशन के तत्वाधान में आगामी 1 मार्च 2026 (रविवार ) को सायं 8.00 बजे से भारत स्काउट मंदिर के पीछे, बलरामपुर हाउस, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज में ह्यचोखा-बाटी एवं होली मिलन समारोहह्ल का भव्य आयोजन किया गया।यह आयोजन केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय लोकसंस्कृति और पारंपरिक स्वाद का अभिनंदन है। कार्यक्रम में पारंपरिक देसी अंदाज में तैयार गरमा-गरम चोखा-बाटी का विशेष सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जो गाँव की सोंधी मिट्टी और चौपाल की आत्मीयता की याद दिलाती रही। आयोजकों का मानना है कि साथ बैठकर भोजन करना केवल स्वाद का अनुभव नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और भाईचारे का प्रतीक है।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिंह और अनंत सिंह (सहायक प्राध्यापक, सीएमपी डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक संवाद और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि ह्लहोली का वास्तविक अर्थ है,मन के मैल को धोकर रिश्तों में रंग भरना। आज जब समाज अनेक स्तरों पर विभाजनों का सामना कर रहा है, ऐसे में इस तरह के सामूहिक आयोजन हमें एक-दूसरे के और निकट लाने का माध्यम बनते हैं।

संस्थान के सचिव डॉ. संजय कुमार सिंह (पूर्व सचिव, उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज) ने बताया कि यह समारोह सभी वर्गों के लोगों के लिए खुला है। उनका कहना है कि होली हमें सिखाती है कि रंग किसी जाति, वर्ग या पंथ को नहीं पहचानते। वे केवल मनुष्यता को पहचानते हैं। हमारा उद्देश्य है कि लोग एक साथ आएं, संवाद करें, मुस्कुराएं और सामाजिक सौहार्द को नई ऊर्जा दें।

कार्यक्रम में रंगों की प्रतीकात्मक उड़ान, पारस्परिक अभिनंदन, हंसी-ठिठोली, आत्मीय मुलाकातें और सांस्कृतिक संवाद के विशेष आयाम शामिल रहे। यह संध्या प्रयागराज के सामाजिक और बौद्धिक परिवेश को एक साझा मंच प्रदान की, जहाँ परंपरा और आधुनिकता का संतुलित संगम दिखाई पड़ा।

उल्लेखनीय है कि हरे राम सेवा संस्थान विगत कई वर्षों से सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। वंचित वर्गों के सहयोग, सामुदायिक उत्सवों के आयोजन और युवा सहभागिता को बढ़ावा देने के माध्यम से संस्थान ने शहर में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। यह होली मिलन समारोह भी उसी सतत प्रयास की एक सार्थक कड़ी है।

इस कार्यक्रम में डॉ आलोक मिश्रा, गैस्ट्रो विभाग, फिनिक्स हास्पिटल, भगवती सिंह , सचिव, उ. प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, डा एच के द्विवेदी, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, भगवती नर्सिंग होम, सुनील कुमार सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी, डा. अजीत चौरसिया, डा बिनोद कुमार सिंह, आई स्पेशलिस्ट, डा शिवेंद्र सिंह, ईएनटी स्पेशलिस्ट, डा विनय यादव, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ ए. के. सिंह, प्रो. रामेन्द्र सिंह, प्रो.राकेश सिंह, प्रो. प्रतिमा सिंह, डा मंगनू सिंह अर्थ कोचिंग इंस्टिट्यूट, नागेंद्र सिंह, शुभेन्दु जी भाई साहब विभाग प्रचारक, आरएसएस , डॉ जे.एन मिश्रा, डॉ विवेक सिंह, डॉ बृजेश, डॉ बृजेश श्रीवास्तव, अतुल नारायण सिंह, डॉ मृत्युंजय परमार, डॉ मनीष सिंह, डॉ अनुज वर्मा डॉ मनीष डॉ कमल, डॉ एस पी सिंह, डॉ प्रणय किशोर, डॉ अवधेश, नितिन सिंह, अनुज कुमार सिंह, डा रजवंत सिंह, डा राकेश सिंह, डा मोंटू उर्फ निशांत यादव, विनोद पांडेय, श्याम पांडेय,राज,रोशन सिंह ,रतन सिंह ,पंकज कुमार ,अरुण सिंह, गजेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह स्टेट हेड कशिश न्यूज चैनल,प्रिंस जी, प्रतीक जी, मनदीप, कुलदीप, हंसराज सिंह विष्ट अपर स्थाई अधिवक्ता व कुलदीप जौहरी, मा उच्च न्यायालय तथा अन्य शहरवासी, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, व युवा वर्ग उपस्थित होकर इस रंगमय संध्या को सफल बनाया और यह संदेश दिया कि प्रेम, परंपरा और एकता के रंग कभी फीके नहीं पड़ते।

## प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका : पूजा पाल

### दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के गोसौरा कलां स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में रविवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर में उल्लास का माहौल रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूजा पाल (विधायक, चायल) ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन हुआ जिनमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान

स्कूल की प्रबंधक डॉ. सुश्री स्वतंत्र मिश्रा ने अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम में जहां आभार जताया वहीं बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी कड़ी में चायल विधायक पूजा पाल ने कहा कि ऐसा विद्यालय प्रयागराज सिविल लाइंस में देखने को मिलता है और आज यहां मेजा में देखने को मिला है।

## प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज सेकेंड में वार्षिक खेल उत्सव हुआ संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** विकास खंड सोरांव के प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज सेकेंड में वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएँ करवाई गयीं जिसमे सैक रेस, जलेबी रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस, बनाना पील रेस, लेग टाई रेस आदि शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल से सम्मानित किया गया। खेल कूद के बाद बच्चों ने इको फ्रेंडली होली खेली तथा आपस में प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हुए वातावरण को भी बचाने की मुहिम में योगदान दिया। होली के शुभ अवसर के उपलक्ष्य पर मिष्टान्न वितरित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# सड़क, बिजली व पानी के साथ सुरक्षा रामपुरखास में सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के मुस्तफाबाद, राहाटीकर, सांगीपुर बाजार व लालगंज में कार्यकताओं तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर विकास योजनाओं को लेकर संवाद किया। उन्होने कहा कि रामपुरखास में सड़क, बिजली, शुद्ध पानी के साथ आम लोगों की सुरक्षा सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता में है। होली के पर्व से जुडे पांच दिवसीय रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी का मुस्तफाबाद में ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। यहां उन्होने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा संचालित करायी जा रही ग्रामीण विकास से जुडी सड़क परियोजना की सौगात की भी जानकारी दी। इससे ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे दिखे। सांगीपुर बाजार मे भी



सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यापारियों से मुलाकात कर कारोबारी के क्षेत्र में सुदृढ़ वातावरण का भरोसा दिलाया। सांगीपुर क्षेत्र के बिजहड़ी गांव में रमाशंकर पाण्डेय के संयोजन में आयोजित भण्डारे में भी सांसद प्रमोद तिवारी शामिल हुए। बाबा घुइसरनाथ धाम में उन्होने दर्शन पूजन किया। लालगंज बाजार में रवीन्द्र गुप्ता के संयोजन में व्यापारियों तथा सभासदों ने सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत किया। ग्रामीणों से संवाद के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी मोदी सरकार की कृषि नीति पर भी हमलावर दिखे। उन्होने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानो को न्यूनतम समर्थन मूल्य नही दे पा रही है। उन्होने तीखे अंदाज मे कहा कि अमेरिका के साथ टेज्ड व्यापार के समझौते ने देश के घरेलू किसानों के हितों पर गहरा कुठाराघात किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में यह सरकार देश के स्वाभिमान को भी नही बचा पा रही है। उन्होने भाजपा नीति सरकार की विदेश नीति में भी भटकाव को लेकर घेराबंदी की। इसके बाद वह सांगीपुर वार्ड पहुंचे। यहां उन्होने पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी श्रीनाथ तिवारी के हाल ही में निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डा0 अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय, पूर्व प्रधान राकेश गुप्ता, छोटेलाल सरोज, दारा सिंह, आशीष कौशल, कैलाशनाथ तिवारी, संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, मुरलीधर तिवारी, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, रामकृपाल पासी, शिवकुमार साहू, गुडडू सिंह, रामबोध शुक्ल, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## गांवों से ओझल होती फगुआ की परंपरा होलिका दहन में भी घट रही सहभागिता

**विजय पाठक**

**पट्टी।** कभी फाल्गुन लगते ही गांवों की चैपालों पर ढोलक और मंजीरे की थाप गूंज उठती थी। फगुआ गीतों से पूरा वातावरण रंगीन हो जाता था। लेकिन अब हालात बदलते नजर आ रहे हैं। गांवों में न तो पहले जैसी फगुआ की महफिलें सज रही हैं और न ही होलिका दहन में वैसी भीड़ उमड़ रही है जैसी वर्षों पहले हुआ करती थी। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर होता था। रात में चैपालों पर बैठकर लोग पारंपरिक फगुआ गाते, बच्चे उत्साह से भाग लेते और महिलाएं भी समूह बनाकर होली गीतों की स्वर लहरियां बिखेरती थीं। अब मोबाइल और टीवी की दुनिया में लोग सिमटते जा रहे हैं, जिससे सामूहिक आयोजन कम होते दिख रहे हैं। होलिका दहन के मौके पर भी अब गांवों में सीमित लोग ही पहुंचते हैं। जहां पहले पूरा गांव एकत्रित होता था, वहीं अब औपचारिकता निभाने भर की भीड़ नजर आती है। युवाओं की रुचि आधुनिक आयोजनों की ओर अधिक झुक गई है, जिससे पारंपरिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते इस सांस्कृतिक विरासत को बचाने के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियां केवल किताबों में ही फगुआ और पारंपरिक होली का जिक्र पढ़ेंगी। जरूरत है कि गांव स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि फगुआ की परंपरा फिर से जीवंत हो सके।फाल्गुन का महीना आज भी वही है, रंग भी वही हैं, लेकिन लोगों के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे में सवाल उठता हैकृक्या हमारी लोक परंपराएं समय की धूल में खोती जा रही हैं?

## न्यूज झरोखा

### छापेमारी में तीस लीटर अवैध शराब बरामद



**प्रतापगढ़।** आबकारी टीम ने छापेमारी कर तीस लीटर अवैध शराब व चार कुंतल लहन की बरामदगी की है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने सोमवार को क्षेत्र के पूरे फत्ते व रामपुर बावली में अवैध शराब की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान कुल तीस लीटर अवैध शराब व चार कुंतल लहन को जब्त कर उसे नष्ट कराया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### काव्य गोष्ठी में सौहार्द पर दिया गया जोर




**लालगंज।** नगर पंचायत के बाबूगंज रोड पर स्थित शिवराज पब्लिक स्कूल में सोमवार को होली मिलन के तहत काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में हुई गोष्ठी में रचनाकारों ने देश की एकता तथा सौहार्द की मजबूती को लेकर मनमोहक काव्यपाठ किया। संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने साहित्यकारो का स्वागत किया। काव्यपाठ करने वालो मे आचार्य अनीस देहाती, डॉ0 अनुज नागेन्द्र, दीपक रूहानी, परवाना प्रतापगढ़ी, संतोष सिंह की रचनाएं सराही गयीं। सह संयोजक दिव्यकांत ओझा ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर वहीद रहमान अंसारी, सुनील तिवारी, अनिल शुक्ल, पवन सिंह, सौम्य आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन व सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजित



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मान्धाता के शक्तिकेंद्र पूरे गोसाई के रामपुर मुश्तर्का मोहिद्दीनपुर में होली मिलन व सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बूथ अध्यक्ष सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा के नेतृत्व में होली मिलन एवं सामाजिक समरसता कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाहक शारदा उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता शारदा ने होली उत्सव तथा सामाजिक समरसता पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरी लाल विश्वकर्मा व संचालन नितिन कुमार मिश्रा मंडल महामंत्री भाजपा ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला कार्य समिति सदस्य उत्तम सिंह, जिला मंत्री महिला मोर्चा निर्मला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिव अग्रहरि, शक्ति केंद्र संयोजक पूरे गोसाई राम प्रताप सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्रधान घाटमपुर, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष पवन सिंह, रणजीत तिवारी, अविनाश, सहखंड कार्यवाह समूह की सदस्य आरती, पुनीता देवी विश्वकर्मा, अजय प्रकाश, सुनील सिंह, राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### होली पर बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा नकली खोवा, जिम्मेदार बेखबर

**पट्टी।** होली पर्व नजदीक आते ही पट्टी कस्बा समेत आसपास के बाजारों में नकली खोवा (मावा) की बिक्री जोरों पर है। आरोप है कि कुछ दुकानदार मुनाफे के लालच में मिलावटी खोवा से बनी मिठाइयां खुलेआम बेच रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग अनजान बना बैठा है। बताया जा रहा है कि होली के मौके पर गुझिया, पेड़ा, बर्फी और अन्य मिष्ठान की मांग बढ़ जाती है। इसी का फायदा उठाकर बाजार में संदिग्ध गुणवत्ता वाला खोवा खपाया जा रहा है। कई दुकानों पर कम दाम में खोवा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे इसकी शुद्धता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान नहीं चलाया तो मिलावटी मिठाइयां लोगों की सेहत पर भारी पड़ सकती हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह नुकसानदेह साबित हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजारों में सघन जांच अभियान चलाकर नमूने लिए जाएं और दोषी पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि त्योहार की खुशियां फीकी न पड़ें।

### ब्रेकर से उछली बाइक, महिला गंभीर घायल

**पट्टी।** आसपुर देवसरा अतरौरा बाजार में बने ऊंचे ब्रेकर के कारण सोमवार दोपहर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ब्रेकर के पास चेतावनी पट्टिका या पेंट मार्किंग न होने से वह दूर से दिखाई नहीं दिया, जिससे बाइक उछल गई और महिला सड़क पर गिर पड़ी। जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर जनपद के धरमपुर कोइरीपुर निवासी ममता शुक्ला पड़ोसी बबलू श्रीवास्तव के साथ अपने मायके पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बसौली गांव आ रही थीं। दोपहर जब वे अतरौरा बाजार (थाना आसपुर देवसरा) के पट्टी–ढकवा मार्ग पर पहुंचीं, तभी सड़क पर बने ऊंचे ब्रेकर से बाइक अनियंत्रित होकर उछल गई। हादसे में ममता शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त ब्रेकर अत्यधिक ऊंचा है और उसके आसपास न तो कोई संकेतक पट्टिका लगाई गई है और न ही सफेद पेंट से मार्किंग की गई है। इस संबंध में चिकित्सा डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि महिला का इलाज चल रहा है।

### होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं- ड्रोन से रखी जाएगी निगरानी

**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र में होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। उत्तर प्रदेश पुलिस के निर्देशन में आसपुर देवसरा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। थानाध्यक्ष राकेश चैरसिया ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि हुड़दंग करने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोमवार सुबह क्षेत्र के संवेदनशील गांवों और प्रमुख बाजारों में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी शुरू कर दी गई। ड्रोन के जरिए भीड़भाड़ वाले इलाकों, छतों और गलियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।इसके साथ ही पुलिस टीमों द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। पूर्व में विवादित रहे स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है तथा दोनों पक्षों से वार्ता कर मामलों का समाधान भी कराया गया है, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा सके।पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।प्रशासन की सख्ती और निगरानी व्यवस्था से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में लालगंज के मेधावियों ने लहराया परचम



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ऑल इण्डिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में क्षेत्र के मेधावियों ने परचम लहराया है। लालगंज नगर स्थित चिल्डेज्न पैराडाइज स्कूल के बीस परीक्षार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर जनपद के साथ ही क्षेत्र व विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र व प्रबन्धक विकास मिश्र ने सफल मेधावियों को बधाई देते हुए मेधावी बच्चों के साथ ही सैनिक स्कूल परीक्षा से जुड़ी तैयारी कराने वाले शिक्षकों का सम्मान किया। प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने बताया कि विद्यालय के छात्र मो0 आयन अंसारी, पुष्पेन्द्र धुरिया, अबू हुजैफा समेत चैदह बच्चों ने कक्षा छः तथा वर्तिका तिवारी, अनन्या पटेल, लक्ष्य शुक्ल, असद अहमद समेत छः बच्चों ने कक्षा नौ की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य भरत ओझा ने किया। कार्यक्रम में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने वाले शिक्षक जनक शुक्ल व अनिषेक मिश्र को भी सम्मानित किया गया। वहीं मेधावियों की सफलता पर शिक्षक संजीव पाण्डेय, अनूप मिश्र, आशीष गुप्ता, आनंद मिश्र, प्रियंका शुक्ला, सरिता पाण्डेय, प्रतिभा द्विवेदी, आरती सिंह, प्रतिमा मिश्रा, जनक शुक्ल, अभिषेक मिश्र ने सफल मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। वहीं बरीबोझ के पूर्व प्रधान रामचंद्र तिवारी की पौत्री व देवेशमणि तिवारी की पुत्री अपर्णा तिवारी ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर मान बढ़ाया है। क्षेत्र के पप्पू तिवारी, दीपेन्द्र तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, कल्लू सोनी आदि ने खुशियां साझा की।

## पुलिस मुठभेड़ में लूट के आरोपी के पैर में लगी गोली, दो अन्य साथी भी गिरफ्तार

**कुंडा।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हथिगवां पुलिस ने 12 फरवरी को भैरव बाबा समसपुर हाईवे के पास हुई लूट की घटना से संबंधित एक अभियुक्त को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान उसके दो अन्य साथियों को भी दबोचा गया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय और क्षेत्राधिकारी कुंडा अमरनाथ गुप्ता के पर्यवेक्षण में थाना हथिगवां प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह अपनी टीम उपनिरीक्षक दिलीप वर्मा, उपनिरीक्षक अजय कुमार, उपनिरीक्षक प्रिन्स तिवारी, हेड कांस्टेबल संग्राम यादव, कांस्टेबल विपिन सारस्वत तथा अन्य पुलिस बल के साथ गश्त और चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि भैरव बाबा समसपुर हाईवे लूटकांड में शामिल अभियुक्त कल्याणपुर दुअर नदी पुल के पास



मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र तबरेज आलम निवासी ग्राम परेवा नारायणपुर, थाना हथिगवां को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस, 01 मोबाइल और 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त अब्दुल रहमान ने बताया कि उसने अपने साथियों अलहसन पुत्र अजमल हुसैन और इब्राहिम पुत्र रहमत उल्ला निवासीगण परेवा नारायणपुर, थाना हथिगवां के साथ मिलकर उक्त लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने तत्काल अलहसन को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस टीम तीसरे अभियुक्त इब्राहिम की तलाश में बरोंधा अंडरपास के पास पहुंची, तो इब्राहिम ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें अभियुक्त इब्राहिम पुत्र रहमत उल्ला (19), निवासी परेवा नारायणपुर, थाना हथिगवां के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस तथा 02 मोबाइल (जिनमें से 01 लूटा गया मोबाइल) बरामद हुए।

## सदभावना कप के फाइनल मुकाबले में क्रीड़ा भारती ने मारी बाजी

**प्रतापगढ़।** सेफ प्रो क्रिकेट एकेडमी जीरियामऊ के मैदान पर संपन्न हुई चतुष्कोणीय क्रिकेट प्रतियोगिता सदभावना कप के फाइनल मुकाबले में क्रीड़ा भारती ने प्रतापगढ़ पाइरेट्स को 4 विकेट से हराकर विजय प्राप्त की। यह मुकाबला प्रतापगढ़ पाइरेट्स,प्रतापगढ़ हंटर्स,डॉक्टर 11व क्रीड़ा भारती के मध्य हुआ।टूनामेंट के लीग मैचों में दमदार प्रदर्शन करते हुए पाइरेट्स ने अपने तीनों मुकाबले जीतकर अजेय रहते हुए फाइनल में जगह बनाई,जबकि अन्य तीनों टीमें एक जीत और दो हार के साथ पॉइंट्स टेबले में समान अंक हासिल किया लेकिन रन रेट में क्रीड़ा भारती सबसे बेहतर होने के कारण फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाइरेट्स की टीम ने कप्तान सुरजीत के ताबड़तोड़ 74 रन 34 बाल की बेहतरीन पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट



खो कर 171 रन बनाये वहीं जवाब में उतरी क्रीड़ा भारती की तरफ से तेज गेंदबाज संतोष सिंह बहुत ही कसी हुई गेन्दबाजी करते हुए अपने 4 ओवर में 2 ओवर मैडन डाला और मात्र 6 रन देकर 2 विकेट भी झटके।172 रन का पीछा करने उतरी क्रीड़ा भारती को पाइरेट्स के गेंदबाज सुजीत शर्मा ने शुरूआती झटके तो दिए लेकिन क्रीड़ा भारती ने आवश्यक रन गति को बनाये रखा और बाद में संतोष सिंह जिन्होंने जितनी जबरदस्त बॉलिंग की थी उतनी ही जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए मात्र 29 गेंदों में 54 रन बनाकर क्रीड़ा भारती को विजय दिलाई। संतोष सिंह ने अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से मैन ऑफ द मैच बने।क्रिकेट टूनामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह, जिला कार्यवाह हेमंत,अशोक सरोज विनोद शर्मा रहे। क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष ध्रुव शर्मा क्रीड़ा भारती टीम के मेंटर अखिलेश शर्मा राजीव सिंह शैलेंद्र उपाध्याय और कोच उमर उपस्थित रहे। इस मौके पर सांसद खेल महोत्सव का स्मृति चिन्ह सभी खिलाड़ियों को प्रदान किया गया।

## 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

### 65 किलोग्राम लहन भी बरामद कर किया गया नष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय और क्षेत्राधिकारी कुंडा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कुंडा मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो महिलाओं को कुल 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान मौके पर लगभग 65 किलोग्राम लहन भी बरामद हुआ, जिसे विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए नष्ट कराया गया। थाना कुंडा के उपनिरीक्षक राजकुमार, उपनिरीक्षक यूनुस खान, कांस्टेबल विशाल मौर्या, महिला कांस्टेबल पूजा यादव, महिला



आरक्षी रश्मि सोनकर और चालक कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह की टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था, जुर्म जरायम की रोकथाम एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी क्रम में, थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नरसिंहगढ के पास से शांति देवी पत्नी संतराम निवासी नरसिंहगढ, थाना कुंडा को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी अभियान के तहत, थाना कुंडा के उपनिरीक्षक चंदबली सिंह, उपनिरीक्षक निर्मल कुमार, महिला आरक्षी अनुराधा सिंह, महिला आरक्षी दीपांजली गुप्ता और चालक कांस्टेबल रामप्रताप की टीम ने बेकवन बेक्री के सामने ग्राम रजनपुर बगिया के पास से कुषमा सोनकर पत्नी चांदबाबू निवासी ग्राम रजनपुर को 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। कुल 15 लीटर नाजायज देशी कच्ची शराब बरामद हुई, साथ ही मौके पर लगभग 65 किलोग्राम लहन बरामद हुआ, जिसे विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए नष्ट कराया गया।

## मारपीट में तीन पर केस

**लालगंज।** रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पीडित ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खण्डवा पूरे गंगादीन गांव के राजेश जायसवाल पुत्र राजेन्द्र जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक मार्च को पत्नी के उकसाने पर गांव के गुलाबचंद्र जायसवाल गालीगलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने अपने पुत्रों विकास व अहम के साथ मिलकर पीड़ित को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल भी तोड़ डाला। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खटारा बसों के भरोसे परिवहन विभाग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** तहसील मुख्यालय स्थित बस स्टेशन पर खड़ी उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) की एक बस को धक्का लगाकर स्टार्ट कराने का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग बस को पीछे से धक्का लगाते दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद बस किसी तरह स्टार्ट होती नजर आती है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो पट्टी रोडवेज बस स्टेशन परिसर का है। वीडियो सामने आने के बाद परिवहन विभाग की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यात्रियों का कहना है कि जिन बसों पर उनकी रोजमर्रा की यात्रा निर्भर करती है, अगर वही इस तरह खराब हालत में हों तो सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कई रोडवेज बसें जर्जर हालत में सड़कों पर दौड़ रही



हैं। समय-समय पर तकनीकी जांच और समुचित मरम्मत नहीं होने से आए दिन बसों के बीच रास्ते में खराब होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। इससे यात्रियों को न केवल असुविधा होती है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।वायरल वीडियो के बाद लोगों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि बसों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित की जाए और खराब वाहनों को तत्काल मरम्मत के लिए कार्यशाला भेजा जाए। यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अब देखना यह है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो के बाद विभागीय अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं और क्या जर्जर बसों की स्थिति में सुधार हो पाता है या नहीं।

## राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में सफलता पर जतायी खुशी

**लालगंज।** राष्ट्रीय आय योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में मेधावी की सफलता हासिल करने पर सोमवार को लोगों ने खुशी साझा की। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत उच्चतर प्राथमिक विद्यालय तुलसी का पुरवा के मेधावी छात्र सुधाकर वर्मा पुत्र मनोज वर्मा ने सत्तान्वे अंक हासिल कर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की। मेधावी छात्र ने जनपद में इक्तालिसवीं रैंक हासिल कर जनपद व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मेधावी की सफलता पर क्षेत्र के प्रधानाध्यापक सुशील सिंह, जालंधर वर्मा, माता प्रसाद तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, विमला, रोली, संतोष सिंह, गोपाल वर्मा आदि ने खुशी साझा की है।

## मानिकपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**कुंडा।** मानिकपुर में हड्डी एवं जोड़ रोगों की जांच एवं जागरूकता हेतु एक निःशुल्क अस्थि घनत्व शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह जनसेवा शिविर डॉ. आलोक कुमार द्विवेदी (एमबीबीएस, एमएस ऑर्थोपेडिक्स) के नेतृत्व एवं डॉ. राम लखन द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें चेयरमैन मानिकपुर आशुतोष जायसवाल (डिंपू) का पूर्ण सहयोग एवं विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ चिनमय विद्यालय एनटीपीसी ऊंचाहार के प्रधानाचार्य मनीष कुमार स्वामी, नरेंद्र सिंह, उषा सिंह, अशोक कुमार ठाकुर, अब्दुल हाफिज, आदित्य मिश्रा एवं आलोक ओझा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें कैलाश नाथ ओझा, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पाण्डेय, चेयरमैन कुंडा शिवकुमार तिवारी, प्रधान कोटा भवानीगंज ओमानंद द्विवेदी, पूर्व प्रधान शशि द्विवेदी, प्रधान मोहम्मदपुर सोहाग सुनील द्विवेदी, पूर्व प्रधान लाल बहादुर पाण्डेय, शिवप्रसाद पाण्डेय, डॉ. राम लखन द्विवेदी, ओम प्रकाश पाण्डेय, दिगंबर नाथ तिवारी, संजय शुक्ला एवं सर्वोदय मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉ. आलोक कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श, अस्थि घनत्व जांच, आवश्यक चिकित्सकीय जांच एवं निःशुल्क दवाइयों



का वितरण किया गया। चिकित्सकीय टीम में डॉ. रवि साहनी (एमएस ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. राकेश पाल (एमएस ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. सौरभ राय (एमएस ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. शैलेश पाण्डेय (सामान्य चिकित्सक) एवं कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सार्थक पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आलोक कुमार द्विवेदी ने सभी सम्मानित अतिथियों, चिकित्सक साथियों, फिजियोथेरेपिस्ट, स्टाफ सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं नगर पंचायत मानिकपुर के पदाधिकारियों एवं नागरिकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग एवं विश्वास से ही इस प्रकार के जनसेवा कार्य संभव होते हैं तथा भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

# निदेशालय में रद्दी में डाल दिया जाता है कौशांबी डीएम का पत्र

## जांच के बाद भ्रष्टाचार में दोषी साबित हुए अधिशासी अधिकारी चरवा को निलंबित करने की डीएम ने की थी संस्तुति

**नगर निकाय लखनऊ के निदेशक के कारनामे के चलते पूरे प्रदेश की नगर पालिका और नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में बड़े भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जिला अधिकारी ने भ्रष्टाचार की जांच कराई थी जिसमें नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह तमाम मामलों में भ्रष्टाचार के दोषी साबित हुए जांच रिपोर्ट के बाद जिला अधिकारी कौशांबी ने निदेशक नगर निकाय लखनऊ को लगभग 9 महीने पहले पत्र भेज कर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा सुभाष चंद्र सिंह को निलंबित करने की संस्तुति की थी लेकिन जिलाधिकारी कौशांबी के इस पत्र को निदेशालय ने रद्दी में डाल दिया है 9 महीने बीत जाने के बाद अभी तक भ्रष्टाचारी अधिशासी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं हुई है चायल के पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू कुमार ने एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की है।

नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह पर सरकारी कार्यों के ठेका टेंडर में भ्रष्टाचार के बड़े गंभीर आरोप लगे हैं बताया जाता है कि अपने भाई को वह नगर पंचायत के कार्यों का ठेका देकर पर्दे की ओट से नगर पंचायत के खुद ठेकेदार बन गए हैं 3 साल से लगातार अपने भाई के फर्म को वह ठेका टेंडर आवंटित कर रहे हैं




नगर क्षेत्र में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं और जो विकास कार्य कराए जा रहे हैं उनमें जमकर धांधली हो रही है जिसके जरिए अधिशासी अधिकारी द्वारा बड़ी अनियमितता की जा रही है चर्चाओं पर जाए तो करोड़ों का घोटाला अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा सुभाष चंद्र सिंह ने किया है इतना ही नहीं नगर पंचायत के कार्यों में अध्यक्ष की भी अनदेखी की जा रही है आरोप है कि अध्यक्ष को अपमानित भी किया जा रहा है पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू कुमार ने एससी एसटी आयोग को पत्र भेजकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष जगनारायण पासी को अधिशासी अधिकारी चरवा सार्वजनिक रूप से अपमानित कर रहे हैं भ्रष्टाचारी अधिशासी अधिकारी चरवा सुभाष चंद्र सिंह के निलंबन की जिलाधिकारी कौशांबी द्वारा 01 मई 2025 को संस्तुति किए जाने के 9 महीने बाद भी निलंबित नहीं किया गया है जिससे योगी सरकार में लखनऊ में बैठे अफसर के भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब जिला अधिकारी द्वारा निलंबन की संस्तुति कर दी गई है जांच में ईओ भ्रष्टाचार के दोषी साबित हो चुके हैं उसके बाद भी भ्रष्ट अधिशासी अधिकारी चरवा को नगर निकाय के निदेशक द्वारा निलंबित नहीं किया गया है जिससे नगर पंचायत चरवा में भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा है सरकारी खजाना खाली हो रहा है और बेईमान अफसर अपनी तिजोरी भरने में उतावले है इनके ऊपर लगातार भ्रष्टाचार और धांधली का आरोप लग रहा है जांच में भ्रष्टाचार की पुष्टि भी हो रही है प्रत्येक कार्यों में कमीशन खोरी हो रही है अपने लोगों को ठेके दिए जा रहे हैं मनमानी तरीके से विकास कार्य करके सरकारी खजाना खाली किया जा रहा है जांच के दौरान जांच अधिकारियों ने उनके बेईमान कारनामों का खुलासा भी कर दिया है लेकिन उसके बाद नगर निकाय के निदेशक इन पर मेहरबान है जो बड़ी जांच का विषय है और मामले में भी योगी सरकार ने जांच कराई तो नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी के भ्रष्टाचार में नगर निकाय के निदेशक के भी शामिल होने का खुलासा होने की उम्मीद है नगर निकाय लखनऊ के निदेशक के कारनामे के चलते पूरे प्रदेश की नगर पालिका और नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है जो बड़ी जांच का विषय है।

# न्यूज झरोखा

## गन्ना जूस निकालते समय युवक का हाथ रोलर मशीन में फंसा, गंभीर घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिलीप सोनकर पुत्र विनोद सोनकर निवासी लोंहड़ा अझुवा के भोला चौराहे पर मुबारक की घर के सामने काफी दिनों से ठेलिया में फल का व्यापार करता था बीते दिन अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए गन्ना का जूस निकालने वाली मशीन लाया और आज सोमवार सुबह गन्ना का जूस निकालने वाली मशीन का उद्घाटन किया इसके बाद मौके पर रहे लोगों को गन्ने का जूस निकाला और ग्राहकों को देकर मशीन को पानी डालकर हाथ से साफ करने लगा मौके पर रहे लोगों के अनुसार जेनरेटर स्टार्ट था ज्योंहि दिलीप मशीन धुलने और साफ करने लगा उसका बायां हाथ का पंजा रोलर में फंस गया और मशीन ने हाथ आगे खींच लिया जिससे उसका हाथ पंजे से पीस गया और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने जनरेटर बंद कर मशीन को विपरीत दिशा में घुमाया और नजदीकी डॉक्टर को दिखाया लेकिन हाथ देखते ही डॉक्टर ने घायल को प्रयागराज रिफर कर दिया।परिजन दिलीप को प्रयाग राज लेकर चले गए।

## एन डी कांवेंट स्कूल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व



**हररायपुर कौशांबी।** एन डी कांवेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज के प्रांगण में होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव ने समस्त स्टाफ व छात्र छात्राओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बताया कि यह पर हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है ,इसके मनाने के पीछे एक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए हिरण्यकश्यप का वध किया तथा प्रहलाद की बुआ होलिका,प्रहलाद को मारने के लिए लकड़ी की चिता बनाकर प्रहलाद को लेकर बैठ गई लेकिन प्रहलाद बच गए और होलिका जल गई तभी से होली का पर्व मनाया जाने लगा तथा सभी बच्चों को बताया गया कि रासायनिक रंगों का प्रयोग ना करें इससे त्वचा में नुकसान हो सकता है। अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले मिले।बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव,सुनील सिंह,कुलदीप साहू,धर्म नारायण, अरुण यादव,सरोज अग्रवाल, आकांक्षा पाल नंदिता पाल मनीषा विश्वकर्मा,आकांक्षा यादव,ममता, ज्योति कुशवाहा,महक सिंह, मोनिका सिंह,गीतांजलि,कल्लो देवी मुन्नी देवी,उमेश यादव,अजय मिश्रा महेंद्र कुशवाहा,वीरेंद्र कुशवाहा अरविन्द यादव इंद्रसेन आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय योग्यता आधारित परीक्षा में 14वीं एवं 17वीं रैंक हासिल कर विद्यार्थियों ने विद्यालय का बढ़ाया मान




**भरवारी कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कोतारी पश्चिम में कक्षा 8 में पढ़ने वाली जेंसी देवी वा शशि प्रकाश ने राष्ट्रीय योग्यता आधारित परीक्षा में जनपद में 14वीं एवं 17वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है राष्ट्रीय योग्यता आधारित परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अतुल प्रकाश प्रजापति ने बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यार्थियों को बेहतर योग्यता देने के चलते विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई प्रेषित की उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता पर हमें गर्व है अन्य बच्चों से उन्होंने कहा कि वह भी कड़ी मेहनत करें जिससे आने वाले दिनों में वह भी बेहतर प्रदर्शन कर अपना अपने परिवार का और विद्यालय का नाम रोशन करें।

## मोबाइल छीनने के 02 अभियुक्तों को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के सुनील कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम खोंपा 27.02.2026 की शाम को काम करके अपने गांव जा रहे थे तभी खोंपा मोड़ के पास मोटरसाईकिल सबार दो लोगों ने मोबाइल छीन लिया और भाग गए पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया था थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और मोबाइल छीनने वालों की तलाश शुरू कर दी थी उपरोक्त क्रम में सीसीटीवी सर्विलांस की मदद से घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा था कि इसी दौरान दिनांक 02.03.2026 को थाना सराय अकिल पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आए 02 वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र जगन्नाथ वा रितेश उर्फ कुल्ली पुत्र विनोद निवासीगण मेडुवा सलेमपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया है अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन व 01 चार्जर बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को थाना पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है। दूसरा मोबाइल अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस नहीं बरामद कर सकी है छीनैती करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने चोरी के मुकदमे में जेल भेज दिया है।

## पुराने विवाद को लेकर युवक को बेल्ट व डंडे से पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र भरवारी पुलिस चौकी के ग्राम छितानी का पूरवा में दिनांक 02 03 2026 की दोपहर पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष में जोरदार मार पीट हुई है जिसमें डंडे व बेल्ट की मार से एक युवक घायल हो गया चोटिल युवक के बड़े भाई ने भरवारी चौकी पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए चौकी प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है जानकारी के मुताबिक राजन उर्फ ओटी के साथ गांव के ही तुलसी व अजय ने पुराने विवाद को लेकर मारपीट किया है जिसमें युवक के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहें हैं।

# सपा जिला महासचिव की माता के अंतिम संस्कार में उमड़ा जन समूह



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा भरवारी के पुरानी बाजार निवासी समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव गुलाम हुसैन की माताजी श्री मति मोहम्मद दुल निशा पत्नी जनाब शमशुल हक उम्र लगभग 71 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया है निधन की जानकारी मिलते ही उनके घर पर लोगों का जमावड़ा लग गया और लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है जिसमें नगर सहित जनपद के राजनैतिक दल के तमाम लोग वृद्ध मां को मिट्टी देने पहुंचे

मिट्टी देने वालों में समाज वादी पार्टी के पूर्व सांसद एवं तीन बार के सांसद एवं दो बार के विधायक तथा एक बार के मंत्री शैलेन्द्र कुमार मिट्टी देने जिला महासचिव गुलाम हुसैन के आवास पहुंचे यही एक नेता ऐसा है जो हर किसी के सुख दुःख में पहुंच कर अपनी उपस्थित दर्ज कराकर लोगो को ढाढस बढ़ाते है इस मौके पर नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयर मैंन कैलाश केशरवानी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष कविता पासी सहित तमाम नेता गण अंतिम संस्कार में मौजूद रहे इस बीच मोहल्ले में सभी लोगों ने अपनी अपनी प्रतिष्ठानों को बंद कर मां के गम में शामिल हुए इस मौके पर महबूब आलम बबलू मुन्नान इफ्तिखार अहमद मोइन अहमद अनोखे भाई गुड्डन भाई प्रवेश करारी प्रवेश प्रयाग राज एवं सदर विधायक तथा इंद्रजीत सरोज आदि लोगों ने नाम आंखों से उनका अंतिम संस्कार किया।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को चरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र से 29 नवम्बर 2025 को एक नाबालिग बालिका को युवक बाहर भगा ले गया था दोनों जिला छोड़कर फरार हो गए थे बालिका के भागने के बाद परिवार के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी थी पुलिस के मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था और उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी पुलिस ने नाबालिग बालिका को बरामद कर लिया था उसकी मेडिकल जांच भी कराई नाबालिक बालिका को ले जाने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा था उपरोक्त क्रम में लगभग 3 महीने बाद दिनांक 02.03.2026 को थाना चरवा पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त चिन्टू पुत्र परसू उर्फ परसुनाथ निवासी धमसेड़ा थाना चरवा को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को थाना पुलिस द्वारा न्यायालय भेजा गया हैं।

# बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, दंपत्ति घायल

- पुलिस चौकी कादीपुर में हुआ समझौता दुर्घटना करने वाले चालक को नहीं मिला दंड
- लग्जरी कार चालक ने मौके पर पहुंचे लोगों से मारपीट भी करने की कोशिश की है



**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह लगभग 9 बजे तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार दंपति की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी कादीपुर मौके पर पहुंचे और दुर्घटना करने वाली चार पहिया गाड़ी के चालक के समर्थन में उतर आए हैं और समझौते के नाम पर 5000 रुपए दिलवा करके घायलों को वापस भेज दिया गया है घायलों का इलाज और मलहम पट्टी करवाने के लिए चौकी इंचार्ज ने घायलों को अस्पताल नहीं भेजा है चौकी इंचार्ज के इस कारनामे ने एक बार फिर पुलिसिया वर्दी शर्मसार कर दी है।

जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के मखदूमपुर भइला गांव निवासी श्रीनाथ सरोज अपनी पत्नी रीता देवी वा उसकी बहन को साथ लेकर बाइक से सोमवार की सुबह कही जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार दंपति सहित तीनों सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं सड़क पर दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी और दुर्घटना करने वाली तेज रफ्तार कार चालक को कार सहित रोक लिया लग्जरी कार चालक ने मौके पर पहुंचे लोगों से गाली गलौज मारपीट भी करने की कोशिश की है जिससे कार चालक के आतंक का अंदाजा लगाया जा सकता है मारपीट करने का प्रयास कर रहे कार चालक के आतंक के बाद लोगों से बात विवाद और नोंकझोंक भी हुई मौके पर कादीपुर चौकी प्रभारी पहुंचे और उन्होंने मामले में दोनों पक्षों को पुलिस चौकी कादीपुर बुलवाकर के समझौते का दबाव बनाकर 5000 रुपए दिलवा करके समझौता करवा दिया मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है जबकि बाइक सवार लोग लगातार मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे समझौता के नाम पर दुर्घटना करने वाले कार चालक को दंड नहीं मिल सका है।

# शहजादपुर में होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद प्रशासन ने सुरक्षित स्थान पर कराई व्यवस्था

अखंड भारत संदेश



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के शहजादपुर गांव में होलिका दहन के स्थान को लेकर सोमवार को ग्रामीणों के बीच हल्का विरोध देखने को मिला। गांव के हनुमान घाट मोहल्ले में वर्षों से राहुल पुत्र कमलेश कुमार के दरवाजे के सामने होलिका रखी और जलाई जाती रही है। इस बार भी ग्रामीणों ने उसी स्थान पर होलिका दहन के लिए लकड़ी आदि इकट्ठा कर दी थी।बताया जा रहा है कि होलिका का स्थान मकानों के काफी करीब होने के कारण कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि यदि यहां होलिका जलाई गई तो आग की चपेट में आसपास के कई मकान आ सकते हैं, जिससे किसी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। मामले की जानकारी प्रशासन को मिलने पर उपजिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़,नायब तहसीलदार विनय कुमार क्षेत्राधिकारी सिराथू तथा कोखराज थानाध्यक्ष चंद्रभूषण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेने के बाद जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन को वहां से हटाकर लगभग 200 मीटर दूर हनुमान घाट के पास सुरक्षित स्थान पर कराने का निर्णय लिया। अधिकारियों के निर्देश पर हल्का लेखपाल की मौजूदगी में नए स्थान की जमीन चिन्हित कराई गई और वहीं होलिका रखवाई गई।इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने असंतोष जताते हुए कहा कि वर्षों से होलिका उसी स्थान पर रखी जाती रही है, इसलिए वहीं दहन कराया जाए। हालांकि प्रशासन द्वारा समझाने के बाद ग्रामीणों ने सहमति जताई और होलिका को सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया। मौके पर चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाले एवं दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को चरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

कौशांबी चरवा थाना क्षेत्र से 20 दिसम्बर 2025 को एक नाबालिक बालिका को आरोपी युवक भगा ले गया था और उससे शादी करने का झांसा दे करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे परिवार के सूचना के बाद चरवा थाने में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था । उपरोक्त क्रम में लगभग ढाई महीने बाद दिनांक 02.03.2026 को थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त ननका उर्फ नरेन्द्र पुत्र बिहारीलाल निवासी फताहीपुर मजरा अषाढा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया है नाबालिक बालिका को भी पुलिस ने बरामद कर लिया था विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया हैं।

# एक सप्ताह पूर्व गायब हुए शिक्षक का यमुना नदी में मिला शव



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के धरमपुर कनैली गांव निवासी कृष्ण बाबू वर्मा उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र राजा राम वर्मा सरकारी विद्यालय के शिक्षक हैं और इन दोनों बीएलओ में उनकी ड्यूटी लगाई गई है वह 25 फरवरी की सुबह 10:00 बजे विद्यालय गए थे और विद्यालय से वह वापस नहीं लौटे शिक्षक कृष्णा बाबू वर्मा के अचानक गायब हो जाने से परिवार के लोग परेशान हो गए कृष्णा बाबू वर्मा के गायब होने के बाद परिवार के लोगों ने उनकी काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई थी घटना को एक सप्ताह बीत गए हैं सोमवार को यमुना नदी के महिला घाट के पास शिक्षक का शव नदी में मिला है शव मिलने की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है थाना पुलिस के साथ-साथ अपर पुलिस अधीक्षक सहित भारी फोर्स मौके पर पहुंची है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आखिर ड्यूटी के दौरान शिक्षक यमुना नदी तक कैसे पहुंचे यह बड़ी जांच का विषय है यह दुर्घटना है या फिर उनके साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटनाएं हुई है जो पुलिस की बड़ी जांच का विषय है।

# जिला बदर को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस, सो रहे थे परिवार के लोग लगा दिया पेट्रोल डालकर आग

## आग लगाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद आग की लपट लगने के बाद जान बचाकर घर से भागे परिवार के लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया पुलिस चौकी अंतर्गत इचौली गांव में रविवार की रात्रि में घर के अंदर विजय केसरवानी उनकी पत्नी और बच्चे सो रहे थे आधी रात के बाद भोर में उनके घर में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई है जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया और जब आग की लपट परिवार के लोगों को लगी तो परिवार के लोग जागे और अनहोनी से भयभीत हो गए हैं परिवार के लोग जान बचाकर घर से बाहर निकल आए हैं इस अग्निकांड में उनके घर के गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया कड़ी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका है घर में आग लगाए जाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है परिवार के मुताबिक जिला अधिकारी द्वारा जिला बदर किए गए विकास तिवारी पुत्र कंधई लाल तिवारी व उनके भाई ललाई तिवारी व अज्ञात लोगों ने मिलकर पेट्रोल डालकर घर में आग लगाई है सोमवार की भोर जब विकास तिवारी द्वारा आग लगाए जाने की बात गांव में पहुंची तो मौके पर लोगों का मजमा लग गया इसी बीच इस बात की जानकारी विकास तिवारी की मां रंजना देवी वा बहन सोनी को लग गई कि उसके भाई विकास तिवारी द्वारा आग लगाई गई है जिस पर रंजना देवी और सोनी दोनों आग बबूला हो गई और विजय केसरवानी के घर में पहुंचकर गाली गलौज किया जान से मारने की धमकी दिया है कि उनके बेटे का नाम लिया तो तुम्हारे परिवार की हत्या करवा दी जाएगी जिला अधिकारी द्वारा जिला बदर किए जाने के बाद आरोपी का खुलेआम घर में रहना और अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद थाना चौकी पुलिस पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर जिला अधिकारी के आदेश का पालन थाना चौकी पुलिस क्यों नहीं कर रही है क्या थाना चौकी पुलिस तानाशाही से मनमाफिक कानून व्यवस्था चलाना चाहती उसको जिलाधिकारी के आदेश की परवाह नहीं है मामले की सूचना पीड़ित परिवार ने पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है




# होली पर्व के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में सीओ ने किया भ्रमण

**कौशांबी।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत थाना पश्चिम शरीरा व थाना महेवाघाट क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर दिनांक 02.03.2026 को क्षेत्राधिकारी कौशांबी द्वारा भ्रमण कर होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था,अग्निशमन के प्रबंध एवं संवेदनशील स्थलों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा उपस्थित पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।क्षेत्राधिकारी द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि होलिका दहन कार्यक्रम सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा सतत भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जाए।

# अजय राय से डरी वर्तमान भाजपा सरकार : गौरव पाण्डेय

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** फतेहपुर में विगत दिनों बीएलओ कार्य में लगे शिक्षामित्र अखिलेश कुमार सविता द्वारा बीएलओ कार्य की अधिक दबाव के कारण उनके आत्महत्या की खबर दुखद है इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का फतेहपुर में पीड़ित परिजनों से मिलने का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ था लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से डरी हुई है उन्हें कल शाम लखनऊ में ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया ! उनके निर्देशानुसार एक प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की! इस दौरान कौशाम्बी कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश भर में अत्यधिक कार्यों के दबाव के चलते कई बीएलओ ने आत्महत्या कर लिया हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सबके परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की लेकिन यह भाजपा सरकार कांग्रेस पार्टी के नेताओं से इतना डरी हुई है कि अब हमारे नेताओं को भी उनके शोकाकुल परिजनों से मिलने भी नहीं देती है उन्हें हाउस अरेस्ट कर लेती है यह उचित नहीं नहीं है कांग्रेस पार्टी हमेशा पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी थी और हमेशा खड़ी रहेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा जिलाध्यक्ष फतेहपुर महेश द्विवेदी एवं जिलाध्यक्ष गंगापार प्रयागराज अशफाक अहमद,शहर अध्यक्ष प्रयागराज फुजैल हाशमी,कानपुर शहर अध्यक्ष पवन गुप्ता कानपुर जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला कौशाम्बी जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी,महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी, शुभेंद्र यादव, आयुष यादव, पिंटू सरोज, आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## एआई शिखर सम्मेलन और कोटा के कोचिंग कारखाने

**एआई** सभी तकनीकी कार्य करता है जो कभी इंजीनियरों का क्षेत्र था, यह केवल एनईपी का दृष्टिकोण है जो बचाव में आ सकता है। हमें समग्र रूप से बहुमुखी प्रतिभा वाले छात्रों का निर्माण करने की आवश्यकता है जो नई दुनिया के अनुकूल हों और चमक सकें। संदर्भ, मूल्यों और सामुदायिक गियरिंग के अभाव में तकनीकी ज्ञान, स्वयं की सेवा करने और डिग्री का उपयोग करने के विचार के साथ समुद्र पार नौकरी के लिए भागना एनईपी के आदर्शों के अनुरूप नहीं है।

जब देश नई दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन से खुश था तभी एक विश्वविद्यालय द्वारा रोबोडॉग विकसित करने के भयानक दावे ने उसे विचलित कर दिया। यह रोबोडॉग वास्तव में चीन से आयात किया गया था। इसी समय जुड़वां बच्चों ने देश का ध्यान अपनी तरफ खींचा जो प्रवेश परीक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए थे। वे प्रवेश परीक्षाएं जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के प्रवेश द्वार के रूप में काम करते हैं। दोनों घटनाओं में एक में झूठ की कहानी प्रस्तुत की गई है और दूसरी में बहुत प्रयास और कष्ट के बाद मिलने वाली उपलब्धि व सफलता की कहानी है। इसमें से अधिकांश कहानियां कोटा, राजस्थान की परीक्षा कोचिंग कारखानों से आती हैं। एक को हर उस चीज के रूप में देखा जाता है जो भारत के साथ गलत है; दूसरे, आईआईटी जैसे संस्थानों द्वारा दावा जाता है, जो भारतीय तकनीकी उत्कृ ष्टता के एक उच्च स्तर की निशानी है।

उम्मीद है कि जुड़वां बच्चे अच्छा प्रदर्शन करेंगे और माता-पिता और देश को गौरवान्वित करेंगे। फिर भी दो कहानियां- एक विफलता की और दूसरी उपलब्धि की- भारत के लिए समान रूप से परेशान करने वाली हैं जहां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित, (एसटीईएम- स्टेम)- साईंस, टेक्नालॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथेमेटिक्स) स्नातकों की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन रचनात्मकता, नवाचार या विश्व स्तरीय समाधानों के मामले में बहुत खराब प्रदर्शन है जो देश और छात्रों द्वारा किए गए निवेश को सही ठहरा सकता है।

हमने उस निजी विश्वविद्यालय की कड़ी निंदा की है जिसने एआई से संबंधित बुनियादी ढांचे में 350 करोड़ रुपये के निवेश का दावा किया था। लेकिन चिंता उत्पन्न करने वाले कु छ मुद्दे भी हैं। हमारे नियामक एक विश्वविद्यालय को लगभग हर नेतृत्व की स्थिति, शैक्षणिक और प्रशासनिक के साथ प्रवर्तक परिवार के सदस्य के कब्जे वाले कार्य करने की अनुमति कैसे देते हैं? जैसा कि इस मामले में आरोप लगाया गया है। आखिरकार पेटेंट फाइलिंग एक खेल कैसे बन जाता है या कोरोना वायरस को मारने के लिए बर्तनों को पीटने पर विश्वविद्यालय के तहत एक पेपर कैसे लिखा जाता है? इस घटना ने इस बात को उजागर किया कि भारत इन संदिग्ध साख वाले निजी संस्थानों द्वारा उच्च शुल्क पर चलने वाली शिक्षा प्रणाली में किस बुरी तरह फंस गया है। निजी क्षेत्र के कुछ उदाहरणों के अलावा जिनके पास उच्च मानक हैं या सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान जो संसाधनों और शैक्षणिक स्वतंत्रता पर भारी दबाव के बावजूद रुके हुए हैं।

# होली: आध्यात्मिक चेतना एवं वैज्ञानिक दृष्टि का सांस्कृतिक उत्सव

**-: ललित गर्ग:-**

**होली** केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन की सजीव अभिव्यक्ति है। यह वह पर्व है जो मनुष्य को उसके भीतर झाँकने का अवसर देता है और याद दिलाता है कि जीवन का वास्तविक सौंदर्य बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि अंतःकरण की निर्मलता में निहित है। समय के प्रवाह में होली के स्वरूप में अनेक परिवर्तन आए हैं। कहीं यह उत्सव उल्लास का माध्यम बना, तो कहीं उच्छृंखलता का पर्याय भी दिखाई देने लगा। छेड़खानी, मादक पदार्थों का सेवन, मारपीट और मयार्दा का उल्लंघन जैसी प्रवृत्तियां इस पावन पर्व की आत्मा के विपरीत हैं। वस्तुतः सही अर्थों में होली का अर्थ शालीनता का अतिक्रमण नहीं, बल्कि आंतरिक विकारों का दहन और संबंधों का पुनर्जीवन है। आवश्यकता इस बात की है कि हम होली के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयामों को समझें और समसामयिक संदर्भों में उसे एक नई गरिमा और जीवंतता प्रदान करें। होली का मूल प्रेरक प्रसंग प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है। यह कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि गहन प्रतीकात्मक संदेश है। प्रह्लाद अटूट श्रद्धा और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं, जबकि होलिका अहंकार और दुराग्रह का प्रतिनिधित्व करती है। होलिका-दहन हमें यह सिखाता है कि अंततः विजय सत्य की होती है और अहंकार की ज्वाला स्वयं को ही भस्म कर देती है। जब हम होलिका की अग्नि प्रज्वलित करते हैं, तो उसका वास्तविक अर्थ बाहरी लकड़ियों को जलाना नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और अहं को दग्ध करना है। यदि यह आंतरिक शुद्धि नहीं हुई, तो होली केवल एक सामाजिक आयोजन बनकर रह जाएगी। रंगों का आध्यात्मिक अर्थ भी अत्यंत गहरा है। भारतीय संस्कृति में प्रत्येक रंग का अपना भाव है। लाल ऊर्जा और प्रेम का प्रतीक है, पीला ज्ञान और पवित्रता का, हरा जीवन और समृद्धि का, नीला अनंत आकाश और व्यापक चेतना का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो मानो यह घोषणा करते हैं कि हम भेदभाव की सीमाएँ मिटाकर एकात्मता का अनुभव करेंगे। रंग हमें सिखाते हैं कि विविधता ही जीवन का सौंदर्य है। अलग-अलग रंग मिलकर ही इंद्रधनुष बनाते हैं; उसी प्रकार विभिन्न समुदायों, विचारों और संस्कृतियों का समन्वय ही समाज को समृद्ध बनाता है। यही होली का सांस्कृतिक संदेश है- विविधता में एकता।

वैज्ञानिक दृष्टि से भी होली का विशेष महत्व है। यह पर्व फाल्गुन पूर्णिमा को आता है, जब शीत ऋतु का समापन और ग्रीष्म ऋतु का आरंभ होता है। यह संक्रमण काल शरीर की प्रतिरोधक क्षमता के लिए संवेदनशील समय होता है। परंपरागत रूप से होलिका-दहन की अग्नि के समीप बैठना और उसकी ऊष्मा ग्रहण करना स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी माना गया। प्राचीन काल में टेसू के फूलों, चंदन, हल्दी और प्राकृतिक गुलाल से बने रंगों का प्रयोग किया जाता था, जिनमें औषधीय गुण होते थे। वे त्वचा को लाभ पहुँचाते थे और संक्रमण से भी रक्षा करते थे। आज रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों ने इस परंपरा को चुनौती दी है। अतः आवश्यक है कि हम प्राकृतिक और पर्यावरण-अनुकूल रंगों की ओर लौटें। विकसित भारत की संकल्पना में स्वच्छता, हरित जीवनशैली और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का जो आग्रह है, वह होली के पारंपरिक स्वरूप से पूर्णतः सामंजस्य रखता है। सांस्कृतिक दृष्टि से होली भारतीय समाज की सामूहिक चेतना



का उत्सव है। यह वह अवसर है जब सामाजिक भेदभाव की दीवारें कमजोर पड़ती हैं और अपनत्व का रंग गहरा होता है। गाँवों में फाग-गीतों की गूंज, चौपालों पर हास-परिहास, नगरों में सांस्कृतिक आयोजन-ये सब सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं। होली का एक स्वरूप वह भी है, जब लोग पुराने मनमुटाव भुलाकर गले मिलते हैं और संबंधों को नया आयाम देते हैं। यह पर्व संवाद और समरसता का सेतु बन सकता है, बशर्ते हम इसकी मूल भावना को समझें।

आज के वैश्वीकरण के युग में नई पीढ़ी आधुनिकता को प्रगति का पर्याय मानती है। आधुनिकता स्वागतयोग्य है, किंतु यदि वह मूल्य-विस्मृति का कारण बन जाए, तो समाज का संतुलन बिगड़ सकता है। ह्लबुरा न मानो होली हैह्व का अर्थ किसी की गरिमा को ठेस पहुँचाना नहीं, बल्कि हँसी-खुशी के साथ आत्मीयता बाँटना है। महिलाओं के सम्मान, सार्वजनिक मयार्दा और सामाजिक उत्तरदायित्व का ध्यान रखते हुए होली मनाना ही सच्ची भारतीयता है। यदि उत्सव के नाम पर उच्छृंखलता बढ़े, तो वह हमारे सांस्कृतिक आत्मसम्मान के विपरीत है। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि आनंद और अनुशासन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक आत्मविश्वास की नई यात्रा पर अग्रसर है। ह्लनया भारतह्व और ह्लविकसित भारतह्व की परिकल्पना केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण से भी जुड़ी है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय परंपराओं, योग, आयुर्वेद और त्योहारों की बढ़ती प्रतिष्ठा इस परिवर्तन का संकेत है। होली जैसे पर्व विश्वभर में भारतीय संस्कृति की पहचान बन रहे हैं। यदि इन्हें शालीनता, पर्यावरण-संवेदनशीलता और आध्यात्मिक चेतना के साथ प्रस्तुत किया जाए, तो यह भारत की सॉफ्ट पावर को और सुदृढ़ कर सकते हैं। यह समय है जब हम अपने त्योहारों को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखकर उन्हें सांस्कृतिक कूटनीति और सामाजिक जागरण का माध्यम बनाएं।

नई विश्व-व्यवस्था में जहाँ तकनीकी प्रगति के साथ मानसिक तनाव और सामाजिक दूरी भी बढ़ रही है, वहाँ होली जैसे उत्सव मानवीय संबंधों को पुनर्स्थापित करने का अवसर देते हैं। डिजिटल युग में लोग आभासी संवाद में अधिक और प्रत्यक्ष संवाद में कम समय दे रहे हैं। होली हमें प्रत्यक्ष मिलन, स्नेह-स्पर्श और सामूहिक उल्लास की अनुभूति कराती है। यह सामाजिक एकाकीपन को दूर करने का भी माध्यम बन सकती है। यदि हम इस अवसर पर समाज के वंचित वर्गों, वृद्धजनों और जरूरतमंदों के साथ रंग साझा करें, तो यह उत्सव करुणा और सेवा की भावना को भी सशक्त करेगा। आवश्यकता है कि होली को नशामुक्त, पर्यावरण-अनुकूल और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाने का सामूहिक संकल्प लिया जाए। विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के माध्यम से होली के मूल संदेश को प्रचारित किया जा सकता है। फाग-गीत, लोकनृत्य, कवि-सम्मेलन और सामूहिक प्रार्थना जैसे आयोजनों से इस पर्व को नई दिशा दी जा सकती है। जब होली केवल रंगों तक सीमित न रहकर विचारों का उत्सव बनेगी, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होगा। निश्चित तौर पर होली हमें यह सिखाती है कि बाहरी रंग क्षणिक हैं, किंतु आंतरिक प्रेम और सद्भाव शाश्वत हैं। यदि हम अपने भीतर के अहंकार को जला दें और हृदय में करुणा का रंग भर दें, तो हर दिन होली बन सकता है। विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब आर्थिक उन्नति के साथ सांस्कृतिक चेतना भी समानांतर चले। आइए, इस होली पर हम यह संकल्प लें कि मयार्दा का उल्लंघन नहीं, मयार्दा का उत्सव मनाएँगे; विभाजन नहीं, विश्वास का रंग फैलाएँगे; और उच्छृंखलता नहीं, उत्साह और सद्भाव का संदेश देंगे। जब होली का रंग हमारे चरित्र और आचरण में उतर जाएगा, तभी यह पर्व वास्तव में सार्थक और प्रेरणादायी बन सकेगा।

# वरिष्ठ निश्चेतक डॉ. एस.के. गोयल हुए सेवानिवृत्त, चिकित्सा जगत में दी उल्लेखनीय सेवाएं

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर ।** जनपद के वरिष्ठ निश्चेतक एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. गोयल के सेवानिवृत्त होने पर चिकित्सा क्षेत्र एवं सामाजिक संगठनों में भावुक माहौल रहा। अपने लंबे और उत्कृष्ट सेवा काल के दौरान डॉ. गोयल ने न केवल एक कुशल निश्चेतक के रूप में हजारों मरीजों को सुरक्षित जीवन प्रदान किया, बल्कि एक कुशल प्रशासक के रूप में भी स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी। सुल्तानपुर जनपद में ब्लड बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उसे सुचारू रूप से चलाने में आम जनता की मदद से बहुत ही सराहनीय कार्य किया

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर रहते हुए उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया, अनुशासन और पारदर्शिता पर विशेष बल दिया तथा मरीजों को बेहतर उपचार



उपलब्ध कराने के लिए अनेक सुधारात्मक कदम उठाए। उनकी कार्यशैली सदैव सरल, सौम्य और मरीज-केंद्रित रही। चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ डॉ. गोयल सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहे। वे लायंस क्लब मिटाउन के सचिव के रूप में विभिन्न सेवा कार्यों–निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, नेत्र परीक्षण, जरूरतमंदों को सहायता आदि–में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उनके नेतृत्व में क्लब ने अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए।

सेवानिवृत्ति के अवसर पर सहकर्मियों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने उनके स्वस्थ, सुखद और सक्रिय जीवन की कामना की तथा उनके योगदान को सदैव स्मरणीय बताया। डॉ. एस.के. गोयल की सेवाएं सुल्तानपुर जनपद के चिकित्सा इतिहास में सदैव सम्मानपूर्वक याद की जाएंगी। आप सुल्तानपुर में अपना निवास स्थान बनाया जनपद वासियों के लिए सौभाग्य की बात है आप जैसा कुशल चिकित्सक सुल्तानपुर को अपना कर्मस्थली बनाए ।

# सुलतानपुर में दुष्कर्म व धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर । पुलिस** द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दुष्कर्म व धमकी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को रविवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी लम्भुआ के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान थाना कोतवाली देहात में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 069/2026, धारा 64(1)/351(3) बीएनएस से संबंधित नामजद आरोपी करमा



उर्फ दिवाकर पुत्र हंसराज निवासी दूबेरपुर चहटवा को डिहवा मोड़ के पास से हिरासत में लिया गया।थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार करीब 2:25 बजे आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उसे विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया।

# जन कल्याण सेवा समिति ने सुल्तानपुर के गरीब बस्तियों में मनाई सेवा की होली

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । चर्चित** सामाजिक संस्था जन कल्याण सेवा समिति ने उत्सव को सेवा,संवेदना और सामाजिक समरसता का माध्यम बना दिया।उन्होंने कई गांवों की विभिन्न गरीब बस्तियों में पहुंचकर बच्चों और जरूरतमंद परिवारों के साथ होली मनाई तथा उनके बीच खुशियों का वितरण किया।होली के अवसर पर संस्था अध्यक्ष अखिलेश सिंह पर्वत ने सैकड़ों बच्चों को मिठाइयाँ,रंग-बिरंगी पिचकारियाँ और नए कपड़े वितरित किए।उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई बच्चों ने पहली बार नए वस्त्र पहनकर होली खेलने का अनुभव साझा किया, जिससे वातावरण भावुक और उत्सवमय हो गया। रंगों के साथ-साथ आत्मीयता और अपनत्व की भी बरसात होती दिखाई दी।इस अवसर पर संस्था के संरक्षक ललित कुमार शुक्ला ने कहा कि त्योहारों की सार्थकता तभी है जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक भी खुशियां पहुंचें। उनका मानना है कि जरूरतमंदों के साथ समय बिताना और उनके साथ पर्व की अनुभूति साझा करना ही सच्ची सेवा है।




उन्होंने समाज के सक्षम वर्ग से भी अपील की कि वे आगे आकर ऐसे अवसरों पर जरूरतमंदों का साथ दें।स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज में प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। लोगों का कहना था कि जब त्योहार सेवा और मानवीय मूल्यों के साथ मनाए जाते हैं, तभी उनका वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होता है।होली के इस पावन अवसर पर गरीब बस्तियों में खुशियों के रंग भरकर अखिलेश सिंह पर्वत ने यह संदेश दिया कि सच्ची होली वही है, जहां मानवता के रंग सबसे गहरे हों और सेवा की भावना सबसे प्रबल।आज के इस कार्यक्रम में विनय दुबे मनीष साहू सतेंद्र पाल आदि लोग मौजूद रहे ।

# भदोही में सघन चेकिंग अभियान: 86 वाहनों का चालान, यातायात नियमों के पालन की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। आगामी** पर्वों को देखते हुए जनपद की यातायात पुलिस ने सोमवार को सघन जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अभियान का संचालन यातायात प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया। शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन



करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म, फॉल्टी या बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर प्रवर्तन किया गया। अभियान के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव में एक मोटरसाइकिल समेत कुल 86 वाहनों का चालान किया गया।


इनमें 72 दोपहिया और 14 चारपहिया वाहन शामिल रहे। पुलिस ने चालकों को रोककर यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और तीन सवारी न बैठाएं। चारपहिया वाहन चालक स्वयं तथा अन्य सवारियां भी सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। इसके अलावा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन या ईयरफोन का प्रयोग न करने, बायीं ओर चलने, ओवरस्पीडिंग से बचने, ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करने, स्टंटबाजी से परहेज करने तथा हूटर या मॉडिफाइड साइलेंसर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल न करने की भी हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# होली को लेकर प्रशासन सतर्क, होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा तैयारियों की गहन समीक्षा।

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद थाना कोतवाली अंतर्गत आगामी होली पर्व को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। थाना कोतवाली क्षेत्र के नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में चिन्हित होलिका दहन स्थलों का व्यापक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय तथा कोतवाली प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ विभिन्न स्थानों का दौरा किया। उन्होंने प्रत्येक स्थल पर सुरक्षा मानकों, लकड़ियों के सुरक्षित ढेर की व्यवस्था, आसपास की विद्युत लाइनों की



स्थिति, मार्ग अवरोध की संभावनाओं तथा भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि होलिका दहन स्थल आबादी और यातायात मार्ग से पर्याप्त दूरी पर हों, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, आयोजकों एवं संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर उनसे सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली के पर्व पर आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की बात कही। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की सक्रियता की सराहना करते हुए बताया कि सभी तैयारियां सुव्यवस्थित ढंग से की जा रही हैं और किसी प्रकार की असुविधा नहीं है। लोगों ने विश्वास जताया कि पुलिस की सतर्कता से पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होगा।

पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि होली के दिन और उससे पूर्व रात्रि में क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाएगी। संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कागजों में ताला, धरातल पर अवैध खनन का धमाका

# चित्रकूट में खनन नियमों की उड़ती धज्जियां

● कागजी तालाबंदी बनाम जमीनी हकीकत

● नोटिस, जुर्माना और फिर निस्तारण

● रॉयल्टी बकाया, मशीनें चालू- प्रशासन मौन?

अखंड भारत संदेश



पीडित द्वारा भेजा गया अवैध ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त ग्रामीण का घर

**चित्रकूट।** जिले में खनन का यह मामला अब साधारण प्रशासनिक कार्रवाई का विषय नहीं, बल्कि व्यवस्था की साख पर सीधा प्रहार बन चुका है। कर्वी तहसील के ग्राम गोढ़ा स्थित गाटा संख्या 1078, खंड संख्या-23 में ग्रेनाइट गिट्टी/बोल्डर खनन के लिए 22 सितंबर 2023 से 21 सितंबर 2033 तक 60,720 घनमीटर प्रतिवर्ष की अनुमति दी गई। 26 सितंबर 2025 को गठित जांच समिति ने साफ पाया कि स्वीकृत सीमा स्तंभों से बाहर 132 घनमीटर अवैध खनन हुआ। नियमावली-2021 के तहत 5 लाख रुपये शास्ति, 21,120 रुपये रॉयल्टी और 1,05,600 रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति- कुल 6,26,720 रुपये की देनदारी तय की गई। नोटिस जारी हुए, 30 दिन का समय दिया गया, कार्रवाई का दावा हुआ। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई- यहीं से शुरू हुई। 16 फरवरी 2026 को जनसुनवाई की रिपोर्ट में अचानक खनन कार्य बंद बताकर शिकायत निस्तारित कर दी गई। सवाल है कि क्या कुछ महीनों में ही अवैधता का धुआं यूं ही हवा हो गया? क्या जुमार्ना वसूल हुआ, क्या दोबारा सख्त निरीक्षण हुआ, क्या तकनीकी सत्यापन कराया गया- या फिर कागजों ने सच पर परदा डाल दिया? सूत्रों का दावा है कि इलाके में आज भी मशीनों की गूंज सुनाई देती है और ट्रैक्टर-डंपरों की आवाजाही जारी है। यदि यह सच है तो फिर रिपोर्ट में बंदी किस आधार पर दर्ज की गई? क्या प्रशासनिक कार्रवाई महज औपचारिकता बनकर रह गई? यह प्रश्न केवल 132 घनमीटर का नहीं, बल्कि शासन की निष्ठा का है। चित्रकूट की जनता पूछ रही है- क्या कागजों में ताला लगाकर धरातल की सच्चाई दबाई जा सकती है? अब जवाब जरूरी है, क्योंकि खनन की धूल केवल पहाड़ नहीं काटती, यह जनता का विश्वास भी क्षीण करती है। इस संदर्भ में खनन अधिकारी रणवीर सिंह को वर्जन लेने के लिए फोन किया लेकिन उनका फोन नही उठा।

## नशे में नदी में उतरा युवक, पयश्विनी की गहराई ने छीन ली जिंदगी

**चित्रकूट।** जिले के सीतापुर क्षेत्र में सोमवार सुबह पयश्विनी नदी एक बार फिर दर्दनाक हादसे की गवाह बनी। कर्वी कोतवाली अंतर्गत सीतापुर चौकी क्षेत्र के लोसरिहन गांव के पास बहादुर गांव निवासी 30 वर्षीय बल्ला की डूबने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार बल्ला शराब के नशे में सुबह करीब 10 बजे नदी में नहाने गया था। बताया जाता है कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। जब काफी देर तक वह नजर नहीं आया तो आसपास के लोगों को शंका हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने लगभग एक घंटे तक तलाश की, तब जाकर युवक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पयश्विनी नदी में कई स्थानों पर अचानक गहराई बढ़ जाती है, जिससे अक्सर ऐसे हादसे होते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जिला अस्पताल में एक्स-रे संकट पर बड़ा फैसला, चार टेक्नीशियन की संविदा भर्ती को हरी झंडी

**चित्रकूट।** जिले के जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक्स-रे जांच को लेकर लगातार बढ़ते दबाव के बीच प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि ओपीडी में मरीजों की बढ़ती संख्या, एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी और जांच के लिए लंबी प्रतीक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने चार अतिरिक्त एक्स-रे टेक्नीशियन की संविदा नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। ये नियुक्तियां आउटसोर्सिंग संस्था मेसर्स जीत सिक्योरिटी सर्विसेज प्रयागराज के माध्यम से की जाएंगी और चयनित अभ्यर्थियों को एक वर्ष के लिए मानदेय के आधार पर तैनात किया जाएगा। इच्छुक डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी टॉल फ्री नंबर 1800-123-660661 पर संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। प्रशासन का दावा है कि इस निर्णय से मरीजों को समयबद्ध और सुगम एक्स-रे सुविधा मिलेगी, जिससे जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## होली से पहले आबकारी का हंटर, शराब और भांग दुकानों पर सघन डिजिटल छापेमारी

**चित्रकूट।** होली के मद्देनजर जनपद चित्रकूट में आबकारी विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान छेड़ दिया है। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश और जिलाधिकारी के निर्देशन में 1 मार्च को मदिरा एवं भांग की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर का मिलान करते हुए आबकारी ऐप से डिजिटल स्कैनिंग कर स्टॉक का सत्यापन किया गया, ताकि किसी प्रकार की हेराफेरी की गुंजाइश न रहे। दुकानों पर मौजूद विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मदिरा की शत-प्रतिशत बिक्री पीओएस मशीन से ही की जाए। अभियान केवल दुकानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मऊ से रामनगर मार्ग के ढाबों और टोल प्लाजा के पास संचालित गुमटियों की भी गहन जांच की गई। अधिकारियों ने साफ किया है कि अवैध बिक्री या नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# चित्रकूट के कार्तिकेय ने प्रदेश में लहराया परचम डॉ अम्बेडकर प्रतियोगिता में शानदार सफलता



होनहार छात्र कार्तिकेय को सम्मानित करते शिक्षकगण

**चित्रकूट।** डा अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों में चित्रकूट के होनहार छात्र कार्तिकेय ने प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। युवा एवं बाल विकास समिति अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जनपद के तीन परीक्षा केंद्र- सरस्वती विद्या मंदिर भरतकूप, एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल कर्वी और कम्पोजिट विद्यालय मिजार्पुरकृमें परीक्षा संपन्न हुई थी। जूनियर वर्ग में 300 तथा सीनियर वर्ग में 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी के छात्र कार्तिकेय ने 74 अंक अर्जित कर प्रदेश स्तर पर सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। उन्हें 8 अप्रैल को भारतीय बौद्ध महासभा उ.प्र. द्वारा नगद धनराशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। डा ज्ञानचन्द्र बौद्ध, विनोद कुमार वर्मा सहित अनेक शिक्षकों ने छात्र की सफलता पर शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कामतानाथ प्रमुख द्वार पर वेदपाठियों के लिए तुलसीदास समिति का स्वास्थ्य-जागरूकता का प्रेरक अभियान

● परंपरा की भूमि पर नवाचार का संदेश

● विद्यार्थियों को मिला स्वास्थ्य व विकास मंत्र

अखंड भारत संदेश



समीक्षा बैठक लेते डीएम

**चित्रकूट।** जिले के कामतानाथ प्रमुख द्वार पर तुलसीदास शिक्षा एवं विकास समिति शोध संस्थान द्वारा वेदपाठी विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता कार्यक्रम का प्रेरक आयोजन किया गया, जिसमें परंपरा और आधुनिक सोच का सुंदर संगम देखने को मिला। संस्था के सचिव चन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्था उड़ान, संजीवनी, सशक्त ग्राम, सखी और अन्नदाता जैसे प्रकल्पों के माध्यम से ग्रामीण विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए सतत कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ मदन गोपाल दास, संत कामदगिरि पीठ प्रमुख द्वार ने विद्यार्थियों को नवाचार के नए आयाम समझाते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया और तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दीं। हरेश्याम मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही साधना और सफलता की आधारशिला है, स्वस्थ शरीर से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होता है। वहीं गायत्री पाण्डेय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नवाचार के इस युग में भी अपने अध्ययन और संस्कारों को संतुलित रखना ही सच्ची प्रगति है। साधना सिंह ने संस्था द्वारा दिए जा रहे सहयोग का उल्लेख करते हुए अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया और कहा कि संस्था का हर प्रयास विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और क्षमता को सशक्त करने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को डाबर के जूस तथा विभिन्न आवश्यक उपयोगी सामग्री भेंट कर उनका सम्मान किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता की विशेष झलक दिखाई दी। इस मौके पर हरेश्याम मिश्रा, सतीश मिश्रा, साधना सिंह, घनश्याम मिश्रा, गायत्री पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, निरंजन पाण्डेय, ओम राज तिवारी, लल्ला गोदावरी सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ी चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केन्द्र ने छात्रों को बड़ी राहत देते हुए सत्र 2025-26 के जनवरी सत्र में संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 मार्च 2026 कर दी है। निदेशक प्रो कमलेश कुमार थापक के अनुसार अभ्यर्थी अब एमपी ऑनलाइन के माध्यम से 30 मार्च तक प्रवेश ले सकेंगे। साथ ही द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के पंजीकृत विद्यार्थी भी इसी तिथि तक पाठ्यक्रम एवं परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे।

# कर्मयोगी की महायात्रा पूर्ण, राजकीय सम्मान के साथ सद्गुरु धाम में डॉ बीके जैन को अश्रुपूर्ण विदाई

अखंड भारत संदेश



श्रद्धांजलि देते नागरिकगण

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरती, भगवान श्रीराम की तपोभूमि पर सेवा और साधना का एक युग 27 फरवरी 2026 को थम गया, जब सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी एवं सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री डॉ बीके जैन ने गंभीर बीमारी के बाद अंतिम सांस ली। सदगुरु सेवा संघ और सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से उन्होंने हजारों जरूरतमंदों की आंखों में रोशनी ही नहीं, जीवन में आशा जगाई। उनके निधन से विंध्य सहित देशभर में शोक की लहर दौड़ गई। 29 फरवरी को अंतिम दर्शन और 1 मार्च को चिकित्सालय परिसर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ, जहां उनके पुत्र जिनेश जैन और डॉ इलेश जैन ने मुखाग्नि दी। 2 मार्च को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और हजारों श्रद्धालुओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलाचरण और भजनों के बीच वातावरण भावविह्वल हो उठा। धर्मपत्नी ऊषा जैन, पुत्रों, बहुओं और परिजनों की अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि ने हर हृदय को नम कर दिया। कर्मयोगी की यह महायात्रा भले पूर्ण हुई हो, पर उनकी सेवा-साधना की विरासत सदैव प्रेरणा देती रहेगी।

# सांसद-विधायक की छाया में पिसते समाजवादी कार्यकर्ता, चित्रकूट में सपा की सियासी उलझन?

● जिले में समन्वय संकट से जूझती सपा

● गुटों में बंटी समाजवादी ताकत, जिलाध्यक्ष बेबस?

**चित्रकूट।** जिले की राजनीतिक बिसात पर इन दिनों समाजवादी पार्टी एक विचित्र द्वंद्व से गुजरती दिखाई दे रही है। जनपद में सांसद और विधायकों की राजनीतिक उपस्थिति तो है, किंतु जमीनी कार्यकताओं के साथ समन्वय की डोर ढीली पड़ती नजर आती है। दबी जुबान में कई समाजवादी कार्यकर्ता कहते हैं कि उनका भाग्य मानो संघर्ष के लिए ही नियत है- पहले प्रतिनिधियों को जिताने का संघर्ष, फिर उनसे संवाद स्थापित करने का संघर्ष। आरोप यह भी है कि एक बार जनप्रतिनिधि बनने के बाद कुछ चेहरे जनभावनाओं से अधिक अपनी छवि के दायरे में सिमट जाते हैं, जबकि बूथ से लेकर पार्टी कार्यालय तक सक्रिय कार्यकर्ता संगठन का वास्तविक भार उठाते रहते हैं। जिले में सक्रिय विभिन्न गुटों की मौजूदगी इस संकट को और गहरा करती है। जिलाध्यक्ष के पद पर आसीन नेतृत्व के बावजूद सभी धड़े एक सूत्र में बंध नहीं पा रहे। मंच एक है, पर स्वर अनेक, झंडा एक है, पर चालें अनेक। यह विडंबना केवल संगठनात्मक असंतुलन नहीं, बल्कि राजनीतिक भविष्य के लिए चुनौती है। आगामी चुनावों की दस्तक सुनाई देने लगी है, परंतु रणनीति से अधिक आंतरिक खींचतान की चचाएं प्रबल हैं। राजनीति में विचारधारा की ऊर्जा तभी प्रभावी होती है जब संगठनात्मक अनुशासन और संवाद की संस्कृति जीवित रहे। यदि जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता के बीच विश्वास का सेतु कमजोर पड़ेगा, तो सियासी यात्रा दुरूह हो जाएगी। चित्रकूट में समाजवादी खेमे के सामने आज यही मूल प्रश्न खड़ा है- क्या संघर्ष की परंपरा को समन्वय की शक्ति में बदला जाएगा, या गुटबाजी की धूल में संगठन की धार कुंद होती रहेगी? जवाब तो भविष्य के गर्भ में है।

## गिरफ्तारी और फरारी के बीच फंसा पुलिस महकमा, कोषागार घोटाले में गिरफ्तारी सूची पर टिकी निगाहें

● दबाव में पुलिस और दांव पर कार्रवाई?

● स्टे, समन और सस्पेंस

**चित्रकूट।** जिले के बहुचर्चित 43 करोड़ रुपये के कोषागार घोटाले ने अब एक नया मोड़ ले लिया है, जहां गिरफ्तारी और फरारी के बीच पूरा पुलिस महकमा मानो दुविधा के धुंधलके में खड़ा दिखाई दे रहा है। उच्च न्यायालय में दर्ज अनेक याचिकाओं और अंतरिम आदेशों को एक साथ जोड़कर सुनवाई किए जाने के बाद लगभग समान राहतें प्रदान की गई हैं। किंतु आदेशों की इस बहुलता और तकनीकी जटिलता के बीच स्थानीय पुलिस के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कौन-सा आरोपी स्थगन आदेश की छाया में है और किसकी गिरफ्तारी अब भी विधिसम्मत रूप से संभव है। सूत्रों का कहना है कि उच्चाधिकारियों पर शीघ्राधिक से शीघ्र अधिकतम गिरफ्तारियां सुनिश्चित करने का तीव्र दबाव है। इसी हड़बड़ी में कई अधिकारी इतने व्यस्त हैं कि प्रत्येक आदेश की सूक्ष्म व्याख्या के लिए समय निकाल पाना कठिन हो गया है या समय निकालना नही चाहते। किंतु विधि का पथ क्षणिक आवेश नहीं, बल्कि संयम और शुद्ध परीक्षण मांगता है। कहीं ऐसा न हो कि समयाभाव में की गई कोई जल्दबाजी स्वयं पुलिस विभाग को ही पुनः उच्च न्यायालय की शरण में हाईकोर्ट-हाईकोर्ट खेलने को विवश कर दे। स्थिति की गंभीरता का एक और पक्ष यह है कि अनेक आरोपी बयान हेतु पुलिस के समक्ष उपस्थित होने से कतराने लगे हैं। भ्रम की इस वेला में उन्हें आशंका है कि कहीं बयान देने आए और गिरफ्तारी की सूची में नाम प्रकट हो जाए। ऐसे में प्रश्न केवल 43 करोड़ के घोटाले का नहीं, बल्कि विधि-प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रशासनिक स्पष्टता का भी है। अब समूचे जनपद की दृष्टि उस संभावित नई गिरफ्तारी सूची पर टिकी है, जो तय करेगी कि न्याय की डगर पर कदम संतुलित रहेंगे या दबाव की आंधी में डगमगा जाएंगे।

# बाल विवाह मुक्त भारत की ओर बढ़ता कदम बरगढ़-मानिकपुर में जनजागरण की लहर

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** तहसील में विज्ञान फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने 68 गांवों में सामाजिक चेतना की नई लहर पैदा कर दी। मानिकपुर के 34 और मऊ ब्लॉक के बरगढ़ क्षेत्र के 34 गांवों में आयोजित इस अभियान के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, वॉल राइटिंग और सामुदायिक चचाओं के जरिए लगभग 34 हजार लोगों तक सशक्त संदेश पहुंचाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2026 तक बाल विवाह की दर में कमी लाना और 2030 तक भारत को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त बनाना है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, किशोरियों के स्वास्थ्य, कुपोषण, एनीमिया और मातृ मृत्यु दर जैसे गंभीर विषयों को सरल भाषा में समझाया गया। स्थानीय संस्कृति में ढले नुक्कड़ नाटकों ने लोगों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। युवाओं और महिलाओं ने बाल विवाह रोकने और बेटियों की शिक्षा-स्वावलंबन को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।



# गैर-जरूरी यात्रा से बचें...भारत ने UAE में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की

**ईरान**

**अबू धाबी** में भारतीय दूतावास ने शनिवार को मिडिल ईस्ट देश में भारतीय नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। यह एडवाइजरी ईरान के मिसाइलों के यूनाइटेड अरब अमीरात की राजधानी पर हमले के कुछ घंटों बाद आई है, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की जान चली गई। अपनी एडवाइजरी में, दूतावास ने लोगों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी, और कहा कि वह लगातार स्थिति पर नजर रख रहा है और जरूरत पड़ने पर अपडेट जारी करेगा। एडवाइजरी में लिखा था, मौजूदा इलाके के हालात को देखते हुए, यूनाइटेड अरब अमीरात में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे गैर-जरूरी यात्रा से बचें, पूरा ध्यान रखें, सतर्क रहें, वअए अधिकारियों और दूतावास द्वारा जारी किए जाने वाले सुरक्षा गाइडलाइंस और एडवाइजरी का पालन करें, साथ ही लोगों के लिए इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर (800-46342 और +971543090571) भी



जारी किए गए।


इससे पहले दिन में ईरान ने यूनाइटेड स्टेट्स (वर) और इजराइल के जॉइंट हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, और पूरे मिडिल ईस्ट में मिसाइल हमले किए। अबू धाबी में उसके मिसाइल हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। ईरान ने दुबई को भी निशाना बनाया, जिसके बाद एहतियात के तौर पर बुर्ज खलीफा को खाली करा लिया गया। यूएई के डिफेंस मिनिस्ट्री ने ईरानी हमलों की कड़ी आलोचना की है और कहा है कि वह सभी खतरों से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। उसने कहा कि यूएई की "सिक्योरिटी और स्टेबिलिटी" में रुकावट डालने वाली हर चीज का सख्ती से मुकाबला करने के लिए सभी जरूरी सावधानियां भी बरती जा रही हैं।

यूएई के डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि मिनिस्ट्री इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है, और देश के सिविलियन फैसिलिटी, इंस्टॉलेशन और नेशनल इंस्टीट्यूशन को टारगेट करने से साफ इनकार करती है, और इस बात पर जोर देती है कि इस तरह के काम खतरनाक तरीके से बढ़ रहे हैं और कायरतापूर्ण काम हैं जो सिविलियन की सिक्योरिटी और सेफ्टी के लिए खतरा हैं और स्टेबिलिटी को कमजोर करते हैं। ईरान की बात करें तो, मिडिल ईस्ट के इस देश ने भी वर और इजराइल के जॉइंट स्ट्राइक की बुराई की है और बदले की कार्रवाई की चेतावनी दी है। एक ऑफिशियल बयान में उसने कहा है कि वह मिडिल ईस्ट में वर और इजराइल के बेस को तब तक टारगेट करता रहेगा जब तक वे हार नहीं जाते और चेतावनी दी है ।

## हमलों के बाद मिनटों में खाली हुआ एयरस्पेस

**अमेरिका**

**अमेरिका** और इजराइल ने ईरान में मिलकर मिलिट्री हमले किए, फ़्लाइट ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि कैसे ईरानी एयरस्पेस को खाली कर दिया गया और कमर्शियल फ़्लाइट्स को तेजी से बदलते हालात के जवाब में दूसरी जगह भेजा गया। फ़्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्मFlightradar24 ने पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें दिखाया गया कि हमले के तुरंत बाद विमान तेजी से ईरानी एयरस्पेस से हट गए, जिससे देश का बड़ा आसमान साफ दिखाई देने लगा। ईरानी अधिकारियों ने तुरंत अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे कमर्शियल एयरक्राफ्ट को इलाके से रास्ता बदलकर जाना पड़ा। Flightradar24 क्लिप में कई पड़ोसी देशों के कॉरिडोर में ट्रैफिक का रूट बदला हुआ दिखा, जबकि मिलिट्री एक्शन शुरू होने के बाद ईरानी आसमान ज्यादातर खाली हो गया। इन हमलों की गूंज पूरे ईरान में सुनाई दी। इजराइली अधिकारियों ने इसे तेहरान से होने वाले खतरों को बेअसर करने के लिए किया गया




एक पहले से किया गया हमला बताया। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने कहा कि इस ऑपरेशन का मकसद ईरान से पैदा हुए खतरों को दूर करना था, और यह हमला अमेरिकी सेना के साथ मिलकर किया गया। शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान में धमाकों की आवाजें दूर-दूर तक सुनी गईं, जिसमें कई ज़िलों में जोरदार धमाके हुए, जिनमें सेंट्रल सड़कें और सरकारी कॉम्प्लेक्स शामिल थे। शहर के ऊपर उठते धुएं के घने गुबार ने हमले के पैमाने को दिखाया, जो तेहरान, यरुशलम और वाशिंगटन के बीच पहले से ही बढ़े हुए तनाव के बीच हुआ।

पड़ोसी इजराइल में सिविल डिफेंस के उपाय तुरंत शुरू कर दिए गए। अधिकारियों ने एयर रेड सायरन बजाए और आम लोगों से ईरान के संभावित बदले की कार्रवाई की आशंका में सुरक्षित इलाकों के पास रहने को कहा। एनालिस्ट ने कहा कि दोनों तरफ के आम लोगों और इंफ्रास्ट्रक्चर को खतरा बना रह सकता है क्योंकि बड़े पैमाने पर मिलिट्री टकराव का डर बढ़ रहा है। अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने कन्फर्म किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान पर हमला करने में इजराइल का साथ दिया है।

## हमले बर्दाश्त नहीं...ईरान पर हुआ अटैक तो अमेरिका-इजरायल पर भयंकर भड़का पाकिस्तान

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री ने शनिवार को अपने ईरानी समकक्ष को फोन पर बताया कि इस्लामाबाद अमेरिका-इजराइली हमलों के बाद ईरान के खिलाफ बेवजह हमलों की कड़ी निंदा करता है। एक बयान के मुताबिक, विदेश मंत्री मोहम्मद इसहाक डार ने कहा कि पाकिस्तान "तुरंत डिप्लोमेसी फिर से शुरू करके तनाव को तुरंत रोकने की मांग करता है। पाकिस्तान ने शनिवार को कहा कि उसका एयरस्पेस पूरी तरह से चालू और सुरक्षित है, क्योंकि ईरान ने दिन में पहले किए गए इजराइली हवाई हमलों के बाद तेहरान का एयरस्पेस कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, जिससे इलाके में तनाव तेजी से बढ़ गया था। इजराइल का कहना है कि उसने ईरान के खिलाफ ॢपहले से तैयारॣ हमला किया है, जिससे मिडिल ईस्ट में फिर से मिलिट्री टकराव शुरू हो गया है और तेहरान के पश्चिम के साथ लंबे समय से चल रहे न्यूक्लियर विवाद के डिप्लोमैटिक हल की उम्मीदें और कम हो गई हैं। रॉयटर्स ने बताया कि ईरान के खिलाफ वर के हमले हवा और समुद्र के रास्ते भी किए जा रहे थे।

हमलों के जवाब में ईरानी एविएशन अधिकारियों ने बढ़े हुए सुरक्षा माहौल के बीच एहतियात के तौर पर तेहरान के ऊपर सिविल उड़ानों पर कुछ समय के लिए रोक लगाने की घोषणा की। ईरान ने एक एयर नेविगेशन नोटिस जारी करके एयरलाइंस को बताया कि तेहरान का एयरस्पेस 1130 और 1700 पाकिस्तान स्टैंडर्ड टाइम (PKT) के बीच सिविल विमानों के लिए



बंद रहेगा, जिससे ईस्ट-वेस्ट रूट पर चलने वाली एयरलाइन कंपनियों को दूसरे कॉरिडोर देखने के लिए कहा गया। ईरान में एयरस्पेस बंद होने से यूरोप, मिडिल ईस्ट और एशिया के बीच उड़ान भरने वाली इंटरनेशनल एयरलाइंस के एक खास ट्रांज़िट रूट पर असर पड़ रहा है, जिससे पाकिस्तान समेत पड़ोसी देशों से होकर ओवरफ़्लाइट ट्रैफि क बढ़ सकता है।

पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी (ढअअ) ने कराची में जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अपने हेडक्वार्टर से जारी एक बयान में कहा, "एयर ट्रैफि क कंट्रोल पूरी तरह तैयार है, और सभी ऑपरेशन नॉर्मल तरीके से चल रहे हैं, इस समय किसी देरी, रोक या सुरक्षा से जुड़ी चिंता की कोई रिपोर्ट या उम्मीद नहीं है।

अथॉरिटी ने कहा कि दिन में एयरस्पेस बंद होने की अवधि में आमतौर पर कम ट्रांज़िट ट्रैफि क होता है, लेकिन चेतावनी दी कि 1700 PKT से आगे कोई भी एक्सटेंशन रीरूटिंग में बढ़ोतरी कर सकता है।

## हिज्जबुल्ला, हूती... सबके सब कूदे! लाल सागर से इजरायल तक पूरा इलाका घेर लिया



**यमन**

**लेबनान** और इधर यमन से भी इजराइल पर हमले शुरू हो गए हैं। ये जो हमले कर रहे हैं वो ईरान के प्रॉक्सी कहे जाने वाले या जिन्हें ईरान रेजिस्टेंस कहता है। इस्लामिक प्रतिरोध की धुरी जिसे कहा जाता है। ये बिल्कुल वैसे ही हो रहा है जैसे कि ईरान ने पहले साफ बताया था। हम पर हमला हुआ तो हम हर तरफ से मारेंगे। चारों तरफ से घेर कर मारेंगे और एकदम वैसे ही हो रहा है। पहले तो अरब देश निशाना बन रहे हैं और अब इजरायल को चौतरफा घेरने की कोशिश है। हूती यानी अंसार अल्लाह की तरफ से मिसाइलें चल रही हैं। लाल सागर पर बहुत तगड़े हमले हो रहे हैं। कोई भी जहाज ऐसा जो होगा अमेरिका या इजराइल का या उनके दोस्तों का वो वहां से अब गुजरने की स्थिति में नहीं है। हिजबुल्ला की मिसाइल साउथ लेबनान से चलनी शुरू हो गई है क्योंकि वो बिल्कुल ईरान से इजराइल से लगा हुआ है। तो इजराइल को सबसे ज्यादा थ्रेट अगर करीब से है जो ईरानी प्रॉक्सी है या जो रेजिस्टेंस है वो है हिजबुल्ला और हिजबुल्ला मारना शुरू कर चुका है। हिजबुल्ला ने भी पहले कह दिया था कि हम अटैक करेंगे। कोई हमें रोक नहीं सकता। भले ही लेबनान की सरकार पीछा छुड़ा रही हो कि भाई हम नहीं है। लेकिन अब कोई फर्क नहीं पड़ता। जैसे ही आयतुल्लाह अली खामनेई का ट्वीट आता है कि भाई अब जंग शुरू हो चुकी है और फतेह के करीब है और हमें खुदा की मदद आनी शुरू हो गई है।

हिजबुल्ला एक्टिव हो गया है। हुती यानी अंसारुल्लाह एक्टिव हो गए और 40 से ज्यादा संगठन जो हैं रेजिस्टेंस के वो एक्टिव हो गए हैं।

## क्या तेहरान से भाग गए सुप्रीम लीडर?



**ईरान**

**अमेरिका** और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे पश्चिम एशिया में मिलिट्री तनाव बढ़ गया, जो कई हफ़्तों से लड़ाई की कगार पर था। एक टेलीविजन बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके (ईरान) पास कभी भी न्यूक्लियर हथियार नहीं हो सकता। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका उनकी मिसाइलों को नष्ट कर देगा और उनकी मिसाइल इंडस्ट्री को जमीन पर गिरा देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान की सेना जो विरोध जारी रखेगी, उसका जवाब भारी मिलिट्री ताकत से दिया जाएगा। उन्होंने ईरानियों से अपनी सरकार पर कब्जा करने की भी अपील की।

ट्रंप ने आगे कहा कि हमने उन्हें चेतावनी दी थी कि वे न्यूक्लियर हथियारों की अपनी गलत कोशिश फिर कभी शुरू न करें। और हमने बार-बार डील करने की कोशिश की। हमने कोशिश की,ॣ उन्होंने आगे कहा कि ॢईरान ने अपने न्यूक्लियर इरादों को छोड़ने का हर मौका ठुकरा दिया, और हम इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकते। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान में धमाके खास सरकारी ऑफिसों के पास हुए, जिनमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई से जुड़े ऑफिस भी शामिल हैं। ईरान में हुए धमाकों के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर के ठिकाने पर सवाल उठ रहे हैं।

क्या हमले से पहले खामेनेई तेहरान छोड़ चुके हैं?

इजराइल और वर के ईरान के खिलाफ जॉइंट ऑपरेशन शुरू करने के कुछ ही समय बाद, अधिकारियों ने कहा कि वे ईरानी शासन के सीनियर अधिकारियों को टारगेट कर रहे थे, जिसमें सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल थे।

## क्या है 132 साल पुराना विवाद? क्यों पाकिस्तान को मिटाने पर तुला है तालिबान

**पाकिस्तान**

**जब** दो की लड़ाई होती है तो तीसरा फायदा उठाता है और दक्षिण एशिया में इस समय जो हालात बन रहे हैं उसे देखकर कई एक्सपर्ट यही कह रहे हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की यह टकराव सिर्फ दो देशों की लड़ाई नहीं बल्कि इसके पीछे बड़ी बड़ी वैश्विक राजनीति छिपी हो सकती है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए साफ कहा कि पाकिस्तान का सब्र अब खत्म हो चुका है और यह उनके शब्दों में खुली जंग है। उन्होंने आरोप लगाया कि तालिबान



भारत का मोहरा बन चुका है। इस बयान ने पूरे क्षेत्र में बहस छेड़ दी है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन के करीबी माने जाने वाले विचारक एलेक्जेंडर डूगिन ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बढ़ती ये लड़ाई दरअसल एक बड़ी भू राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हो सकती है। डूगिन का कहना है कि संघर्ष के पीछे अमेरिका की रणनीति हो सकती है। जिसका मकसद ब्रिक्स को कमजोर करना है।

उनके अनुसार दुनिया में इस समय जो बहुध्र व्यवस्था बन रही है उसमें ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इसी वजह से अमेरिका इस इस गठबंधन को कमजोर करने की कोशिश कर सकता है। डूगिन ने अपने बयान में यह भी कहा कि इस पूरे संघर्ष में अलग-अलग देशों के हित जुड़े हुए हो सकते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान के पीछे चीन का समर्थन है और अफगानिस्तान के पीछे भारत का नाम लिया जा रहा है।

## मीडिल ईस्ट के सबसे शांत देश पर हमला, 'सुरक्षित ठिकाने' की इमेज को ईरान ने धुंआ-धुंआ किया

**संयुक्त अरब**

**मिडिल** ईस्ट का अहम कारोबारी केंद्र संयुक्त अरब अमीरात अब क्षेत्रीय तनाव की चपेट में आ गया है। हालिया मिसाइल हमलों ने अबू धाबी समेत कई इलाकों में दहशत फैला दी। धमाकों और आसमान में दिखी तेज रोशनी ने लोगों को चौंका दिया, वहीं एयरस्पेस बंद होने से उड़ानों पर असर पड़ा और कारोबार में रुकावट आई। यूएई को अब तक एक सुरक्षित और स्थिर आर्थिक हब माना जाता था, लेकिन इन घटनाओं ने उसकी छवि को झटका दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ता क्षेत्रीय संघर्ष अब खाड़ी देशों को भी सीधे प्रभावित कर रहा है। डिप्लोमैटिक संतुलन बनाए रखने की कोशिशों के बावजूद हालात तेजी से बदल रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने गल्फ क्षेत्र की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

मिडिल ईस्ट का कमर्शियल अड्डा युद्ध की चपेट में आया

संयुक्त अरब अमीरात, जिसे दुनिया भर में मिडिल ईस्ट का सबसे स्थिर आर्थिक और कमर्शियल हब माना जाता है, उसे हिंसक तरीके से बढ़ते क्षेत्रीय संघर्ष में घसीटा गया है। ईरान के जवाबी मिसाइल हमले ने अबू धाबी पर हमला किया है, जिससे वअए की शांति और सुरक्षित ठिकाने के तौर पर बनाई गई इमेज टूट गई है, जो आसपास के इलाके की जियोपॉलिटिकल उथल-पुथल से अलग है।

अल धाफरा एयर बेस

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपने हमले ओमानी इलाके के खास स्ट्रेटेजिक नोड्स पर फोकस किए, जो वर



मिलिट्री के साथ लॉजिस्टिक संबंध बनाए रखते हैं। आने वाले प्रोजेक्टाइल ने थुमरैत एयर बेस और दुकम पोर्ट के आस-पास के इलाके को टारगेट किया। हालांकि ओमान लड़ाकू नहीं है, लेकिन ये फैसिलिटी अरब सागर और हिंद महासागर में काम कर रहे वर नेवल और एयर एसेट्स के लिए जरूरी स्टेजिंग, सप्लाई और मेंटेनेंस कैपेबिलिटी देती हैं।

राजधानी में धमाके

ये हमले सिर्फ.दूर की मिलिट्री मुठभेड़ें नहीं थीं; इनका सीधा असर आम लोगों पर पड़ा। गवाहों ने बताया कि अबू धाबी के ऊपर आसमान में कई जोरदार धमाके और तेज रोशनी हुई। रोकी गई और टकराने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों से हुए झटके इतने जोरदार थे कि चहल-पहल वाले कॉर्निश के पास के रिहायशी इलाकों की खिड़कियाँ हिल गईं, जिससे कॉस्मोपॉलिटन लोगों में तुरंत घबराहट फैल गई।

IRGC की पक्की चेतावनी

वअए पर हमला करके, ईरान अपने खाड़ी पड़ोसियों को साफ चेतावनी दे रहा है कि अगर कोई देश अमेरिकी मिलिट्री एसेट्स को होस्ट करता है, तो डिप्लोमैटिक रिश्ते और इकोनॉमिक पार्टनरशिप कोई सुरक्षा नहीं देते।

IRGC की कार्रवाई वर के फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के प्रति जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी को दिखाती है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## अचानक क्यों किया भीषण हमला? तेहरान के लिए क्या है अमेरिका का 4 दिनों वाला मिशन

**इजराइल**

**सुबह** होते-होते आसमान में धुआं, सायरनों की आवाज और अचानक बंद होता एयर स्पेस। यह कोई चेतावनी नहीं थी। यह सीधा सैन्य टकराव है। इजराइल ने दावा कर दिया है कि उसने प्रीमिएटिव स्ट्राइक यानी पहले हमला करने की रणनीति के तहत ईरान पर सैन्य कारवाई की है और इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में आपातकाल यानी इमरजेंसी जैसे हालात बन गए हैं। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काड्र्स ने आधिकारिक बयान जारी कर दिया है और देश भर में विशेष आपातकाल यानी इमरजेंसी लागू कर दिया है। उधर इजराइली सेना यानी कि इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने नागरिकों को चेतावनी दे दी है कि सुरक्षित स्थानों पर रहें और मिसाइल हमले की आशंका जताई जा रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका भी इस ऑपरेशन में शामिल था।

यूनाइटेड स्टेट्स के प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर वर के हमले को कन्फर्म करते हुए कहा कि यह ईरान को अपना न्यूक्लियर इंफ्रास्ट्रक्चर फिर से बनाने से रोकने की कोशिश थी। अपने टुथ सोशल अकाउंट से एक वीडियो शेयर करते हुए, अमेरिकी प्रेसिडेंट ने कहा कि अगर ईरान की मौजूदा सरकार अपने हथियार नहीं डालती है, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हमलों के बाद ट्रंप का मैसेज आया, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के सदस्यों, आर्म्ड फोर्सेज और सभी पुलिसवालों से मैं आज रात



कहता हूं कि आपको अपने हथियार डाल देने चाहिए और पूरी इम्यूनिटी लेनी चाहिए, वरना, पक्की मौत का सामना करना पड़ेगा।

इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ऑफिस और ईरानी राष्ट्रपति समेत जरूरी सरकारी और मिलिट्री जगहों को निशाना बनाया गया। हालांकि, यह ताजा तनाव स्विस शहर जिनेवा में हुई तीसरे राउंड की बातचीत के बाद हुआ, जिसे ओमान ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करते हुए मामला सुलझने की उम्मीद जताई थी। हालांकि ईरान के न्यूक्लियर मटीरियल को बढ़ाने पर एक रिपोर्ट अचानक से इजरायल और अमेरिका के अटैक की वजह हो सकते हैं। यह बातचीत ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम से जुड़ी है, जिसके बारे में तेहरान का दावा है कि यह सिविलियन मकसद के लिए है, लेकिन अमेरिका और इजराइल का मानना ??है कि यह हथियार बनाने के लिए है।

हालांकि कई घंटों तक चली बातचीत में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से कोई डील नहीं हो पाई, लेकिन ईरान और अमेरिका दोनों ने फिलहाल बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई है।

ओमान के विदेश मंत्री, बद्र अलबुसैदी, जो बीच-बचाव कर रहे थे, ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपनी राजधानियों में सलाह-मशविरे के बाद "जल्द" बातचीत फिर से शुरू करने की योजना बनाई है, और अगले हफ्ते ऑस्ट्रिया के शहर वियना में टेक्निकल लेवल की बातचीत होगी। एक इजरायली अधिकारी ने चार दिनों तक हमला करते रहने की तैयारी की बात करते हुए कहा कि शुरूआती चार दिनों तक संयुक्त रूप से तीव्र हमलों की तैयारी चल रही है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि ह्यअगले दिन तेहरान पहले जैसा नहीं दिखेगा।